IIM

विद्या परं दैवतम्

भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम
Indian Institute of Management Visakhapatnam

भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम

4था वार्षिक प्रतिवेदन 2018-2019

Indian Institute of Management Visakhapatnam

4th Annual Report 2018-19



विद्या परं दैवतम्

IIM
भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम
Indian Institute of Management Visakhapatnam

भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम

4था वार्षिक प्रतिवेदन 2018-2019

विषय-वस्तु

अध्यक्ष का संदेश		2
निदेशक का संदेश		3
1.	शासी निकाय	4
2.	कार्यक्रम	6
3.	कार्यकारी शिक्षा	10
4.	संकाय	11
5.	शोध एवं प्रकाशन	12
6.	उद्यमिता	13
7.	अधोसंरचना	14
8.	पूर्व-छात्र गतिविधियाँ	17
9.	नीति और पहल	18
10.	कार्मिक और प्रशासन	19
11.	वित्तीय स्थिति	20
12.	विवरणियाँ	21
13.	निदेशक की रिपोर्ट	32
14.	लेखा विवरणिया	45

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 1 06/12/2019 19:08:32

अध्यक्ष का संदेश

हरि एस. भरतिया

प्रिय हितधारक और संरक्षक गण,

वर्ष 2018-19 में संस्थान द्वारा प्रगति के पथ में कई महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किए गए हैं।

विद्यार्थियों के प्रवेश के साथ-साथ संकाय सदस्यों की संख्या भी वर्ष के दौरान लगभग दोगुनी हो गई है। लगभग 20% विद्यार्थी लड़कियां हैं और लगभग 33% संकाय महिलाएं हैं, जो विविधता के प्रति संस्थान की सजगता दर्शाता है। लगभग 20 राज्यों से आए विद्यार्थियों और लगभग 10 राज्यों से आए संकाय के साथ, संस्थान सच्चे मायनों में राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिनिधित्व करता है।

संस्थान कई मायनों में विशेष, और कई मोर्चों पर प्रथम, है जो इसे अपने समकक्षों की श्रेणी में अग्रणी बनाता है। इसने कम समय में एक अच्छा नाम कमाया है और इसे देश में मूल्यवान शिक्षण संस्थान माना जा रहा है।

विशाखपट्टणम में और उसके आसपास प्रबंधन-शिक्षा के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए संस्थान ने अनुभवी पेशेवरों के लिए पोस्ट-ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किया है, जिसकी कक्षाओं को सुविधा की दृष्टि से सप्ताहांत में आयोजित किया जाता है। प्रबंधन में नए ज्ञान और शोध पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 2019 से एक नया पीएचडी कार्यक्रम भी प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रकार, संस्थान उम्मीदवारों में प्रबंधन क्षमताओं के निर्माण के लिए अतिरिक्त काम कर रहा है।

वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा पूरे किए गए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट और एक समान रूप से सक्षम प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म की नियुक्ति है। इसलिए विश्व-स्तरीय परिसर बनाने की प्रक्रिया को गति प्रदान की गई है। प्रस्तावित परिसर पहाड़ियों, घाटियों और जल निकायों के आसपास के परिदृश्य के साथ मिश्रित होगा, स्थानीय कला और वास्तुकला, इतिहास और विरासत को प्रतिबिंबित करेगा। यह भविष्योन्मुख, वैश्विक मानकों के परिवेश और सौंदर्यशास्त्र के साथ ऊर्जा-कुशल और जल-सकारात्मक परिसर होगा। यह परिकल्पना की गई है कि परिसर को एक पौराणिक स्थल का रूप दिया जाएगा।

31 जनवरी, 2018 से आईआईएम अधिनियम 2017 प्रभावी हो गया है। भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया है। जैसा कि अधिनियम में निहित है, संस्थान प्रबंधन शिक्षा, प्रबंधन शोध और ज्ञान के संबद्ध क्षेत्रों में वैश्विक उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह समावेशी, न्यायसंगत और सतत राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में अपने प्रयासों को निर्देशित करेगा, इस प्रक्रिया में सामाजिक और लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा।

केंद्र और राज्य सरकारें संस्थान के सुचारू कामकाज में महत्वपूर्ण योगदान देती रहती हैं। संस्थान को स्वायत्तता प्रदान करने संस्थान के विकास में हमें और उत्साहजनक समर्थन देने के लिए हम उनके आभारी हैं।

मैं इस अवसर पर भा.प्र.सं. बैंगलोर की मेंटरशिप को धन्यवाद देता हूँ, जो यह सुनिश्चित करता है कि यह संस्थान शिक्षा और शासन में उच्च स्तर के मानकों पर काम करे।

अंत में, मैं यह बताना चाहूंगा कि संस्थान की विभिन्न पहलों को अच्छी तरह सोच-समझकर तैयार किया गया है और एक योग्य शासीमंडल, जिसने वर्ष के दौरान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रभार ग्रहण किया है, द्वारा समर्थित हैं। मैं शासी मंडल में अपने सभी साथी सदस्यों को उनके मूल्यवर्धक सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

निदेशक और शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की उनकी टीम भा.प्र.सं.वि. को एक बेहतरीन संस्थान बनाने की दिशा में उनके प्रयासों के लिए बधाई के पात्र हैं।

मैं सकारात्मक हूं, कि संस्थान अपने उद्देश्य के प्रति ईमानदारी और प्रतिबद्धता की गहरी भावना के साथ प्रदर्शन के उच्च लक्ष्यों को निर्धारित करते हुए, सरकार, व्यापार और समाज में जो सद्भावना अर्जित कर रहा है, वह उसे सुस्थापित करने में मददगार होगी।

Hari S. Bhartia

हरि एस. भरतिया
अध्यक्ष, शासी मंडल
भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम

दिनाँक: 08 नवं. 2019

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 2 06/12/2019 19:08:32

निदेशक का संदेश

प्रो. एम. चंद्रशेखर

प्रिय महोदय / महोदया,

यह भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम परिवार के लिए बहुत गर्व और खुशी की बात है कि संस्थान को व्यापक रूप से प्रबंधन शिक्षा में लगे सार्वजनिक संस्थानों की अपनी पीढ़ी के बीच सर्वश्रेष्ठ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। हमारी स्थापना के केवल चार वर्षों में इस तरह की पूर्व-प्रतिष्ठित स्थिति को प्राप्त करने के कारणों की तलाशने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है। संस्थान की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के कारण हैं:

एमएचआरडी से समय पर प्राप्त नीति और निधि की सहायता; प्रतिष्ठित शासी मंडल से निरंतर मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और निरीक्षण; भवन और निर्माण समिति के साथ-साथ संस्थान के वित्त, निवेश और लेखा परीक्षा समिति के बुद्धिमान परामर्श और सक्षम निर्णय; और, विश्व स्तर पर बिजनेस स्कूलों में अग्रणी माने जाने वाले भा.प्र.सं. बैंगलोर की मेंटरशिप।

संस्थान अपनी सभी पहलों और प्रयासों में उत्कृष्टता की खोज में चार 'I' के बल पर अपनी गतिविधियों की प्रकृति और सीमा, गुंजाइश और विशेषज्ञता बढ़ाने में सक्षम हो पाया है; वे हैं Intellectual resources अर्थात उच्च-गुणवत्ता के बौद्धिक संसाधन (संकाय और छात्र); Infrastructural resources अर्थात अवसंरचनात्मक संसाधन (श्रेणी में सर्वोत्तम); Institutional processes यानी संस्थागत प्रक्रियाएं (मजबूत और सुव्यवस्थित); और Investment यानी निवेश (समय, प्रयास और ऊर्जा का)।

संस्थान न केवल विद्यार्थियों के शैक्षिक कौशल पर बल्कि व्यवहारिक कौशल और सामाजिक सरोकार, आत्म-जागरूकता, स्व-विनियमन, सामाजिक जिम्मेदारी, स्थिरता के प्रति संवेदनशीलता, साझा मूल्यों और मानवतावाद के प्रति प्रतिबद्धता की ईमानदारी को बढ़ावा देने पर भी ध्यान दे रहा है।

अपने पाठ्यक्रम की सामग्री को समसामयिक और परिदृश्य को सामयिक बनाते हुए, संस्थान शैक्षिक दृढ़ता की गहराई और व्यापकता बनाए रखने, विद्यार्थियों की सोच और विचारों को व्यापक बनाने और उनकी सहज ज्ञान, सहज बोध, जिज्ञासा, पहल और बुद्धि को तीक्ष्णता प्रदान करने में सक्षम है जो उन्हें नई अंतर्दृष्टि और विचारों की ओर अग्रसर करता है ताकि वे उनकी पूर्वदर्शिता और दूरदर्शिता को संयोजित कर सकें; और उनकी कैरियर संबंधित दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार हो।

परिणामस्वरूप, संस्थान एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और बनाए रखने में सक्षम हो गया है जो उच्च-प्रभाव वाली शिक्षा और शोध परिणामों के लिए अनुकूल है। डिजाइन सोच, समाधान मानसिकता और हितधारकों की प्रसन्नता के प्रति प्रतिबद्धता संस्थान के डीएनए में मजबूती से समाहित हो गई है।

संक्षेप में, हमारे एमबीए कार्यक्रम छात्रों को अकादमिक रूप से उत्कृष्ट; भावनात्मक रूप से विकसित; सामाजिक रूप से संलग्न बनाने और सफलतापूर्वक उभरने में मदद करते हैं। हम नए भारत के सपनों और विकासात्मक लक्ष्यों को साकार करने के लिए सक्षम प्रबंधकों और सक्षम नेतृत्व कर्ताओं का एक पूल प्रदान करने में एक रचनात्मक और योगदानकारी भूमिका निभाते रहेंगे।

एमएचआरडी के अटल समर्थन और शासी मंडल के अध्यक्ष और सदस्यों के प्रेरणादायक ध्येय और नेतृत्व का भरपूर लाभ लेते हुए, संस्थान के प्रयासों को अच्छी सराहना, प्रगति, विकास और सफलता प्राप्त हो रही है। मेरी टीम और मैं, हमारे सभी हितधारकों के सतत विश्वास और भरोसे के प्रति आभार प्रकट करते हैं। इस विकासशील सार्वजनिक संस्था की दृश्यता और जीवंतता; छवि और पहचान; प्रतिष्ठा और लोकप्रियता में वृद्धि ही हमारा सतत प्रयास रहेगा।

प्रो. एम. चंद्रशेखर
निदेशक, भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम

दिनाँकः 08 नवं. 2019

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 3 06/12/2019 19:08:32

1. शासी निकाय (प्रकाशन की तिथि तक अद्यतन)

1.1 शासी मंडल

अध्यक्ष **हरि एस. भरतिया** संस्थापक एवं सह-अध्यक्ष, जुबिलेंट भरतिया समूह	
सदस्य	
संजय कुमार सिन्हा, आईएफएस संयुक्त सचिव (प्रबंधन और भाषा), मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार	जे एस वेंकटेश्वर प्रसाद, आईएएस विशेष मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, आंध्र प्रदेश सरकार
उमा सुधीद्र सुरक्षा रणनीतिकार और संस्थापक और प्रबंध भागीदार गो मैजिक ट्रेल्स; सह-संस्थापक, मैं हर महिला हूं	प्रसाद दाहपुते प्रबंध निदेशक द वरहद ग्रुप
सतीश रेड्डी अध्यक्ष डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज़	नौशाद डी फोर्ब्स सह-अध्यक्ष फोर्ब्स मार्शल ग्रुप ऑफ कंपनीज
जी रघुराम निदेशक भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर	राजीव कपूर, आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व सचिव, भारत सरकार और पूर्व निदेशक, LBSNAA
मालविका हरिता प्रतिष्ठित पूर्व-छात्रा, भा.प्र.सं. बैंगलोर संस्थापक, ब्रांड सर्कल	अमिता चटर्जी प्रबंधक ट्रस्टी, एकम फाउंडेशन मुंबई
एम चंद्रशेखर निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखपट्टणम	

कलीम वी खान, सचिव शासी मंडल, भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम

1.2 भवन निर्माण एवं कार्य समिति

अध्यक्ष

सतीश रेड्डी

अध्यक्ष, डॉ. रेड्डीज लैब्स और सदस्य (शासी मंडल), भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम

सदस्य

लिगी फिलिप प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग डीन (नियोजन), IIT मद्रास	राजीव मिश्रा प्राचार्य, सर जे जे स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर मुंबई विश्वविद्यालय
वी नागदेवरा पूर्व प्रोफेसर, डीन और अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति, भा.प्र.सं. बैंगलोर	पी. कोटेश्वर राव, आईएएस महानगर आयुक्त, विशाखपट्टणम महानगरीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण
एम चंद्रशेखर निदेशक, भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम	अमित बरन चक्रवर्ती सहायक प्रोफेसर, भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
साईकृष्ण राजू परियोजना प्रमुख भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम (सदस्य-संयोजक)	आमंत्रित व्यक्तिः सुशांत बालिगा (पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक, CPWD) सलाहकार (भवन निर्माण एवं कार्य), भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 4 06/12/2019 19:08:32

1.3 वित्त, निवेश और लेखा परीक्षा समिति

अध्यक्ष

अमिता चटर्जी

प्रबंधक ट्रस्टी, एकम फाउंडेशन मुंबई और सदस्य, शासी मंडल, भा.प्र.सं.विशाखपट्टणम

सदस्य

दर्शना एम डबराल संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार एमएचआरडी, भारत सरकार	पद्मिनी श्रीनिवासन सह-प्राध्यापक (वित्त और लेखा) भा.प्र.सं. बैंगलोर
ए राधा कृष्ण वित्तीय नियंत्रक और कंपनी सचिव बार्कलेज़ शेअर्ड सर्विसेस	श्रीनिवास कुमार अलामुरु, आईए एण्ड एएस (सेवानिवृत्त) पूर्व महालेखाकार (ए एण्ड ई), आंध्र प्रदेश
एम चंद्रशेखर निदेशक भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम	सी पी विट्टल प्रबंधक (वित्त और लेखा) भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम (सदस्य-संयोजक)

शासी मंडल, भवन निर्माण और कार्य समिति और वित्त, निवेश और लेखा परीक्षा समिति की बैठकों का विस्तार **विवरणी 1** में दिया गया है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 5 06/12/2019 19:08:32

2. कार्यक्रम

भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखपट्टणम वर्तमान में दो लंबी अवधि के कार्यक्रम प्रदान करता है - प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (PGP) और अनुभवी पेशेवरों के लिए व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम (PGCEP)। PGCEP का पहला बैच ०६ अक्टूबर, 2018 से शुरू हुआ।

2.1 प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (PGP)

दो साल के पूर्णकालिक आवासीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए), छात्रों को एक तेजी से जटिल और गतिशील बन रहे वैश्विक परिदृश्य में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार किया गया है। एक वर्ष में तीन सत्रों और दो साल के मध्य में एक ग्रीष्मकालीन अंतःशिक्षुता के साथ, यह कार्यक्रम वैचारिक और विश्लेषणात्मक तर्क की नींव रखता है और छात्रों को व्यावसायिक वातावरण की गतिशीलता पर एक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

2.1.1 शैक्षणिक

भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखपट्टणम का एमबीए पाठ्यक्रम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पाठ्यक्रमों के अनुसार तैयार किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि विद्यार्थियों को भारतीय संदर्भ पर ध्यान केंद्रित रखते हुए इस संस्थान के गतिशील शैक्षणिक प्रथाओं के आधार पर विश्व स्तरीय व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जाए। यह पाठ्यक्रम असाधारण विद्यार्थियों के समूह को गतिशील व्यावसायिक लीडर्स में विकसित करने पर केंद्रित है, जहाँ विशिष्ट संकाय के मार्गदर्शन और विभिन्न शिक्षाविदों, उद्योगपतियों, और प्रख्यात व्यक्तित्वों के अतिथि व्याख्यान द्वारा भी विद्यार्थियों को प्रबुद्ध किया जाता है।

पाठ्यक्रमों को व्याख्यान, कक्षा में चर्चा, केस स्टडी, व्यक्तिगत और समूह परियोजनाओं, टर्म पेपर, भूमिका निर्वाह, व्यावसायिक कार्यक्रम आदि के संयोजन के माध्यम से वितरित और मूल्यांकित किया जाता है।

2018-20 में कुल 105 विद्यार्थियों को पीजीपी बैच में प्रवेश दिया गया था जिनमें 17 अनुसूचित जाति के विद्यार्थी, 18 महिला विद्यार्थी, 74 कार्य अनुभव वाले विद्यार्थी और 99 इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के विद्यार्थी थे।

2018-19 के दौरान, 35 वैकल्पिक पाठ्यक्रम पेश किए गए थे। पाठ्यक्रमों की सूची को **विवरणी 2** के रूप में जोड़ा गया है।

2.1.2 अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उभरती उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। कार्यक्रम के दूसरे वर्ष में वैकल्पिक पाठ्यक्रम 'बिजनेस प्लानिंग एण्ड इंटरनेशनल मार्केट्स' के एक भाग के रूप में, छात्र व्यवसाय और उद्योग पर केंद्रित व्याख्यानों में भाग लेते हैं। इसके अलावा, जापान / दुबई की अपनी अध्ययन यात्रा के दौरान, वे स्थानीय चुनौतियों और अवसरों से खुद को परिचित कराते हैं। छात्रों को देश चुनने का मौका मिलता है। यह यात्रा अगस्त - सितंबर 2018 में सात दिनों के अंतराल के दौरान आयोजित की गयी थी। यह पूरी तरह से संस्थान द्वारा वित्त पोषित की गयी थी। इस यात्रा में शैक्षिक और औद्योगिक क्षेत्र के लोगों से बातचीत, ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा और अन्य शिक्षा संबंधित गतिविधियाँ शामिल हैं। यात्रा से लौटने के बाद, प्रत्येक छात्र को एक रिपोर्ट और महत्वपूर्ण सीखों पर प्रस्तुति देनी होती है।

2.1.3 निदेशक की वरीयता सूची

पहले वर्ष के अंत में शैक्षणिक प्रदर्शन (CGPA) के आधार पर बैच के शीर्ष 5% छात्रों को निदेशक की योग्यता सूची में शामिल किया जाता है। पीजीपी 2018-20 के आठ विद्यार्थियों को निदेशक की वरीयता सूची के लिए चुना गया था। प्रत्येक छात्र को रू. 5,000 मूल्य की पुस्तकों का अनुदान और योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

2.1.4 वरीयता प्रमाण पत्र

जो विद्यार्थी 1, 2 और 3 सत्र के अंत में शैक्षणिक प्रदर्शन (TGPA) के आधार पर पहले स्थान पर हैं, उन्हें वरीयता प्रमाणपत्र सूची में शामिल किया जाता है। पीजीपी 2018-20 के प्रत्येक सत्र के सात विद्यार्थियों को वरीयता प्रमाणपत्र के लिए चुना जाता है। प्रत्येक छात्र को रू. 3000/- का पुस्तक अनुदान और प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।

2.1.5 आर्थिक सहायता

संस्थान जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करता है। आर्थिक सहायता नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संस्थान में कोई भी विद्यार्थी आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे। वे सभी विद्यार्थी जिनकी वार्षिक घरेलू आय रू. 6,00,000 से कम है, वे आवेदन करने के पात्र हैं। गंभीर वित्तीय कठिनाइयों वाले अन्य विद्यार्थियों पर भी विचार किया जाता है।

आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या और

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 6 06/12/2019 19:08:32

सहायता की मात्रा तय करने के लिए वित्तीय सहायता समिति दो-चरणीय प्रक्रिया का पालन करती है। पहले चरण में, आवेदकों का दो मानदंडों पर मूल्यांकन किया जाता है - आय (भा.प्र.सं.वि. में शामिल होने से पहले परिवार की व्यक्तिगत आय) और बकाया ऋण (बशर्ते इसे अन्य किसी विशिष्ट उपभोग के लिए न लिया गया हो)। इस मूल्यांकन के आधार पर, उन्हें संकाय पैनल के साथ निजी पारस्परिक चर्चा के लिए बुलाया जाता है।

इन चर्चाओं के दौरान, संकाय पैनल आवेदकों का श्रेणी क्रम निर्धारित करने के लिए प्रत्येक आवेदक की तरलता, ऋण-पात्रता और वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करता है। इन मापदंडों पर आधारित औसत अंकों के आधार पर, समिति की सिफारिशों के अनुसार आवेदकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

शैक्षणिक वर्ष 2018-19 के दौरान, कार्यक्रम शुल्क में छूट और जीवनयापन सहायता के रूप में 9 विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता के रूप में रू. 33.60 की राशि उपलब्ध कराई गई थी।

लाभार्थियों के वर्गीकरण नीचे दिया गया है:

आर्थिक सहायता 2018-19			
श्रेणी	**आवेदन**	**स्वीकृत**	**स्वीकृत राशि (रू.)**
अनुसूचित जाति	05	02	
दिव्यांग	00	00	
एन.सी.-ओ.बी.सी.	08	04	
सामान्य	07	03	
कुल	**20**	**09**	रू. 33,60,000

2.1.6 उपाधि वितरण

30 मार्च 2019 को आयोजित तृतीय वार्षिक दीक्षांत समारोह में 61 छात्रों ने एमबीए की उपाधि प्राप्त की। 61 विद्यार्थियों में से, 55 को व्यक्तिगत रूप से और 5 को अनुपस्थित में उपाधि प्रदान की गई। श्री एम. वेंकैया नायडू, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। श्री हरि एस. भरतिया, अध्यक्ष, शासी मंडल ने सभा को संबोधित किया और भा.प्र.सं.वि. के निदेशक प्रोफेसर एम. चंद्रशेखर ने निदेशक की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

गिरीश मेनन ने प्रथम रैंक के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया, पारुल चौधरी को द्वितीय रैंक के लिए गोल्ड मेडल मिला, पोचमपल्ली कार्थिक कौन्डिन्या ने सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए पुरस्कार जीता। पारुल चौधरी ने वाणी रो मेमोरियल गोल्ड मेडल (बालिकाओं में प्रथम रैंक) भी जीता। पुरस्कार भारत के माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए गए।

2.1.7 स्थानन

कैरियर विकास सेवाएं (सीडीएस) कार्यालय ने स्थानन समिति के समन्वय से वर्ष के दौरान ग्रीष्मकालीन और अंतिम स्थानन सुविधा प्रदान की।

2.1.8 ग्रीष्मकालीन अंतःशिक्षुता – पीजीपी 2018-20

उद्योग में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले पिछले बैचों की सफलता से प्रभावित होकर, भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम के चौथे बैच को उद्योग का उत्साहित करने वाला समर्थन प्राप्त हुआ, जिसमें सभी 103 भाग लेने वाले विद्यार्थियों को वैतनिक अंतःशिक्षुता प्राप्त हुई। एक विद्यार्थी ने प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना।

उच्चतम वजीफा रु.2.50 लाख का था। शीर्ष चतुर्थांश का औसत वजीफा रू.93,200/- था। जबकि पूरे बैच का औसत रू.50,630/- था जो पिछले सभी रिकॉर्डों से बढ़कर था।

प्रमुख भूमिकाओं में विक्रय और विपणन (34%), सामान्य प्रबंधन (23%), रणनीति और सलाह (19%), और ग्राहक संबंध प्रबंधन (15%) की पेशकश की गई। वित्त, संचालन और उत्पाद प्रबंधन भूमिकाएं 9% थी।

2.1.9 अंतिम स्थानन – पीजीपी 2017-19

सतत सफलता भारतीय प्रबंध संस्थान विशाखपट्टणम में जीने का एक तरीका है। शुरुआत के मात्र तीन वर्ष में, संस्थान ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए, पीजीपी 2017-19 के स्नातक बैच के लिए 100% स्थानन प्राप्त किया। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बावजूद,विद्यार्थी समुदाय ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरा और परिसर आने वाली प्रसिद्ध कंपनियों से समृद्ध प्रोफाइल और आला भूमिकाओं के साथ आकर्षक प्रस्ताव प्राप्त किए। इस प्रकार उद्योग जगत ने भी विविध और समृद्ध प्रोफाइल वाली आला भूमिकाएं प्रदान करके अपने समर्थन को स्पष्ट कर दिया।

भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम की अंतिम स्थानन प्रक्रिया रोलिंग के आधार पर कैंपस में आयोजित की गई थी, और संस्थान के विद्यार्थियों को इस प्रक्रिया में भाग लेने वाली 50 कंपनियों से कई प्रस्ताव प्राप्त हुए। 60 पात्र छात्रों में से, 4 छात्रों ने अपने स्थानन को अगले साल तक स्थगित करने का अनुरोध किया।

शीर्ष 25% प्रस्तावों का औसत वेतन रु.17.07 लाख प्रति वर्ष, और शीर्ष 50% का औसत वेतन रु.14.82 लाख प्रति वर्ष था। संपूर्ण बैच का औसत वेतन रु.12.61 लाख प्रति वर्ष जबकि मध्यिका रु.12.00 लाख प्रति वर्ष और उच्चतम वेतन रु.22.00 लाख प्रति वर्ष रहा। बैच ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और नए बेंचमार्क स्थापित किए।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 7 06/12/2019 19:08:32

प्रमुख भूमिकाओं में ऑटोमोबाइल (1.8%), BFSI (25.0%), केमिकल (1.8%), कांग्लोमरेट (7.1%), कंसल्टिंग (10.7%), एनर्जी (8.9%), FMCG (1.8%), सरकार (1.8%), हॉस्पिटैलिटी (3.6%), इन्फ्रास्ट्रक्चर 3.6%), IT / ITES (25.0%), लग्जरी गुड्स (3.6%), मैन्युफैक्चरिंग (1.8%), मार्केट रिसर्च (1.8%) और माइनिंग (1.8%) थीं।

2.1.10 विद्यार्थियों की उपलब्धियां

- श्री साई गणेश, के सुथेश और लक्ष्मी प्रिया एसजे की टीम कंसल्टिंग ज़ार, ध्रुव 19, एक केस स्टडी प्रतियोगिता में नेशनल फाइनलिस्ट थी जिसका आयोजन कांसुलेट - आईआईएम त्रिची के रणनीति और परामर्श समूह द्वारा किया गया था।
- जॉयदीप दत्ता और अभिषेक कुमार ब्लैककॉफ़र इनसाइट्स 8.0 में बिग डेटा एंड एनालिटिक्स पर लेख लेखन प्रतियोगिता के विजेता थे।
- जॉयदीप दत्ता और अभिषेक कुमार डेटा एनालिटिक्स पर केस स्टडी के विजेता थे, जिसका संचालन 'परिवैशक 2019' द्वारा आईआईएम रायपुर में किया गया था।
- बैभव सिंह राजपूत, सयाली बाटले और अनुभव चतुर्वेदी, के जे सोमैया इंस्टीट्यूट, मुंबई में 'अबकी बार' द्वारा संचालित सिमुलेशन ऑफ पोलिटिकल मार्केटिंग एण्ड पीआर कैंपेन के नेशनल फाइनलिस्ट थे।
- बैभव सिंह राजपूत, सयाली बाटले और अनुभव चतुर्वेदी आईएफएमआर ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस, बेंगलुरु द्वारा संचालित 'विपणन - मोस्ट वांटेड', (अभ्युदय १९ का एक विपणन कार्यक्रम) के नेशनल फाइनलिस्ट थे।
- बैभव सिंह राजपूत और अनुभव चतुर्वेदी एक्सआईएमबी, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित 'केस ज़ार' 2019 में शीर्ष 10 में शामिल थे।
- वैभव सिंह राजपूत और अनुभव चतुर्वेदी बिट्स पिलानी हैदराबाद कैंपस द्वारा संचालित 'वॉल स्ट्रीट बिजनेस चैलेंज' के विजेता थे और इंटर्नशिप ऑफर भी जीते।
- मोहित गनीगर, राहुल प्रसाद और भारती गोयल, आईआईएम नागपुर द्वारा आयोजित एन्ट्री-प्रिन्योरशिप (ए केस स्टडी प्रतियोगिता) में उपविजेता थे।
- वेमुरी कृष्ण चैतन्य, गणदीप अप्पारी और श्रवण कुमार, 'रणभूमि 2019' - आईआईएम काशीपुर का परामर्श और रणनीति क्लब-कंसिलियम द्वारा आयोजित एक केस स्टडी प्रतियोगिता में नेशनल फाइनलिस्ट थे।
- अरिजीत घोष और अनुभव चतुर्वेदी, एफएमएस दिल्ली के ई-सेल की वार्षिक पत्रिका में एक लेख लेखन प्रतियोगिता, एंट्रोस्पेक्टिव में विजेता थे।
- जॉयदीप दत्ता आईआईएम इंदौर द्वारा आयोजित एक राष्ट्रव्यापी डेटा एनालिटिक्स प्रतियोगिता 'टेक ट्रॉनिक्स' में द्वितीय रनर अप थे।
- हिमांत एसारापू, एलक्किया नेदुन्चेज़ियन, शांथन निम्मागड्डा और कड्डा निजा, कॉर्पोरेट बिजनेस क्विज़ टाटा क्रूसिबल विजाग के फाइनलिस्ट थे।
- सौरभ यादव मुंबई में के जे सोमैया इंस्टीट्यूट में फोर्से (FORSE) ऑपरेशंस मैगज़ीन 'मोमेंटम' - एक लेख लेखन प्रतियोगिता के विजेता थे।
- श्रीहर्षा पलवाडी ने ग्लोबल एसोसिएशन ऑफ रिस्क प्रोफेशनल्स द्वारा आयोजित एफआरएम लेवल १ परीक्षा उत्तीर्ण की।
- अभिनव आकाश, रोहित रस्तोगी और वैभव राज एल एंड टी आउटथिंक 2018 के राष्ट्रीय फाइनलिस्ट थे।
- केवीएस प्रणव कुमार, आदित्य आनंद लाल गोगिकर, पोचमपल्ली कार्तिक कौंडिन्या, सुमित सौरव और गिरीश मेनन CFA इंस्टिट्यूट रिसर्च चैलेंज के जोनल फाइनलिस्ट थे।
- तेजस्वी वीरमचानेनी और आदिश भंडारी ने फ़्लिप नेशनल चैलेंज 2018 में राष्ट्रीय स्तर पर ६वां और 28वां स्थान हासिल किया।
- नावासाई कृष्णा अलापार्थी, जी एस मोहित और सूरज जेम्स, आईएसबी, हैदराबाद द्वारा आयोजित स्ट्रैटोस्फीयर (केस प्रतियोगिता), अद्वैत-2018 में नेशनल फाइनलिस्ट थे।
- अभिनव आकाश, अरिजीत घोष, बैभव कुमार सिंह, प्रेक्षा पालीवाल, सयाली बाटले, भावना वोंटेदु, सौरभ यादव, राहुल प्रसाद और आदित्य आनंद लाल गोगिकर यस बैंक ट्रांसफॉर्मेशन सीरीज़ 2018 में कैंपस विजेता थे।
- कुणाल अहिरवाल आईआईएम शिलॉन्ग द्वारा आयोजित एक लेख लेखन प्रतियोगिता, आई२आई मार्केथोन में विजेता थे।

- मानसी गुप्ता और नावासाई कृष्णा अल्पारी ने आईआईएम बैंगलोर में जीईएलएफ लाइफ चैलेंज, विस्टा 2018 में द्वितीय स्थान हासिल किया।
- मयूर भोसले टीम नॉनीस, द लिटररी क्लब ऑफ एनएमआईएमएस हैदराबाद द्वारा आयोजित 2रे रनर अप (महीने के लेखक) थे।
- पवन कुमार ने टर्बो मेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में समर 2018 के लिए बेस्ट इंटर्न अवार्ड प्राप्त किया।
- मधु अरविंद स्टालिन और श्रीहर्षा पलवाड़ी ने जून 2018 में सीएफए लेवल 1 परीक्षा उत्तीर्ण की।
- अरिजीत घोष और तनवीर सिंह, एक्सआईएमबी द्वारा संचालित अश्वमेध 18 में व्हाइट पेपर प्रतियोगिता के प्रथम रनर अप थे।

2.1.11 विभिन्न विद्यार्थी क्लबों द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्नति के लिए व्यवसाय, खेल, सांस्कृतिक दृष्टिकोण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न विद्यार्थी क्लब बनाए गए हैं। इन क्लबों द्वारा आयोजित कुछ प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

- बिज़नेस क्लब ने 28 अक्टूबर, 2018 को अपने बिजनेस फेस्ट कॉनफ्लक्स 3.0 का आयोजन किया।
- कल्चरल क्लब ने 15-16 दिसंबर, 2018 को अपने तीसरे सांस्कृतिक उत्सव, समारंभ 3.0 का आयोजन किया।
- आंध्र प्रदेश इनोवेशन सोसाइटी (आ.प्र. सरकार) के सहयोग से ईपीआईसी क्लब ने 27 जनवरी 2019 को एक्सॉर्डिया 3.0 का आयोजन किया।

2.2 अनुभवी पेशेवरों के लिए व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम (PGCEP)

संस्थान के बहुप्रतीक्षित एमबीए प्रोग्राम के अतिरिक्त, भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम ने 6 अक्टूबर, 2018 को अनुभवी पेशेवरों के लिए व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम (PGCEP) शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय उद्योग को एक विश्व स्तरीय उत्कृष्ट ज्ञान और संसाधन प्रदान करने के संस्थान के लक्ष्य में सहयोग करना है। इस प्रकार यह PGCEP पाठ्यक्रम विशाखपट्टणम और उसके आसपास के पेशेवरों की एक बड़ी आबादी को लाभान्वित कर रहा है, जो उच्च गुणवत्ता की प्रबंधन शिक्षा पाने की आकांक्षा रखते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य उनकी शिक्षा को उन्नत बनाना और सफल प्रबंधकों और उद्यमियों के रूप में उनके योगदान का समर्थन करना है।

2.2.1 शैक्षणिक

कार्यक्रम में सप्ताहांत पर कुल 252 घंटे की कक्षा आधारित प्रशिक्षण के साथ 21 पाठ्यक्रम शामिल हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से संपर्क के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम, वैश्विक व्यापार की सर्वोत्तम प्रथाएं; और भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम पूर्व छात्र स्थिति सहित पाठ्यक्रम ३ सत्रों (15 महीने) में विभाजित है।

कुल 33 छात्रों को 2018 के PGCEP बैच में प्रवेश दिया गया था। PGCEP कार्यक्रम में पेश किए जा रहे पाठ्यक्रमों की सूची **विवरणी 3** में देखी जा सकती है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 9 06/12/2019 19:08:33

3. कार्यकारी शिक्षा

संस्थान की विभिन्न प्रकार के कस्टम और ओपन कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों की पेशकश करने की महत्वाकांक्षी योजना है। जैसा कि भा.प्र.सं. अधिनियम 2017 के उद्देश्यों में निहित है, संस्थान का उद्देश्य ऐसे नेतृत्व को शिक्षित और समर्थन देना है जो निजी, सार्वजनिक और सामाजिक क्षेत्रों में मौजूदा और उभरते उद्यमों के पेशेवर प्रबंधकों, उद्यमियों और स्टेवार्ड के रूप में योगदान दे सकते हैं; उच्च गुणवत्ता की प्रबंधन शिक्षा प्रदान करना और ज्ञान के संबद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ अंतःविषय अध्ययन को बढ़ावा देना; सामाजिक और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का समर्थन और विकास करना; शैक्षिक कार्यक्रमों और संकायों को विकसित करना, जो शिक्षा, शिक्षण और अधिगम के कारणों को आगे बढ़ाएं।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 10 06/12/2019 19:08:33

4. संकाय

संस्थान ने उच्च स्तर और प्रभावशाली शिक्षण और मान्यता प्राप्त शोध वाले संकाय सदस्यों की सक्रिय भर्ती करने की अपनी गतिविधियां जारी रखीं है। संरक्षक संस्थान आईआईएम बैंगलोर के समर्थन, मार्गदर्शन के साथ संस्थान ने संकाय भर्ती के दूसरे दौर को पूरा किया और पाँच संकाय सदस्यों को सहायक / एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में चुना जो वित्त वर्ष 2018-19 से संस्थान में शामिल हो गए, जबकि एक संकाय सदस्य जो 2017-18 के दौरान भा.प्र.सं. कलकत्ता से ग्रहणाधिकार में थे, वापस चले गए। इसके साथ, संस्थान के पास वित्त वर्ष 2018-19 के अंत तक कुल 13 संकाय सदस्य रहे। संस्थान की एक महत्वाकांक्षी योजना नियमित आधार पर सक्षम संकाय को भर्ती करने और बनाए रखने की है।

4.1 नियुक्तियाँ

- डॉ. मिलन कुमार को, 20 अप्रैल, 2018 को, उत्पादन और संचालन प्रबंधन क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. दीपिका गुप्ता को, 13 जून, 2018 को, कॉर्पोरेट रणनीति क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. भार्गव चट्टोपाध्याय को, 08 जनवरी, 2019 को, निर्णय विज्ञान क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. विनय रमनी को, 18 जनवरी, 2019 को, अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।
- डॉ. बिशाखा मजुमदार को, 01 मार्च, 2019 को, संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन क्षेत्र में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।

4.2 त्यागपत्र

डॉ. निमरूजी प्रसाद जे. एसोसिएट प्रोफेसर, 23 अगस्त, 2018 को, जो भा.प्र.सं. कलकत्ता से ग्रहणाधिकार में आए थे, वापस चले गए।

उपरोक्त के अलावा, भा.प्र.सं. बैंगलोर से एवं अन्य चयनित पूर्णकालिक / सहायक / अभ्यागत संकाय और गैर-संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों को पढ़ाया गया। संकाय सदस्यों की एक सूची **विवरणी 4** में दी गई है।

4.3 अतिथि व्याख्यान

संस्थान उद्योगपतियों, शिक्षाविदों और सरकारी अधिकारियों द्वारा यहाँ दिए जाने वाले उच्च गुणवत्ता युक्त अतिथि व्याख्यानों पर गर्व महसूस करता है। अतिथि व्याख्यान विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट दुनिया की गतिशीलता को समझने की प्रक्रिया के पूरक हैं।

वर्ष के दौरान आयोजित अतिथि व्याख्यान की सूची **विवरणी 5** के रूप में संलग्न है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 11 06/12/2019 19:08:33

5. शोध एवं प्रकाशन

संस्थान के संकाय नियमित रोल पर आने के साथ ही, संस्थान ने अपने शोध कार्यों में कर्षण प्राप्त किया है। संस्थान के संकाय ने समय-समय पर अपने उत्कृष्ट शोध के माध्यम से विद्वानों के शोध प्रकाशनों में अपना योगदान दिया है। इसके अलावा, उनके पास परामर्श के अवसर थे। उनका शोध परिणाम इस प्रकार है:

प्रकाशन - शोध पत्र

- चक्रवर्ती, ए बी; और मोंडल, ए. (आगामी), 'दि इफेक्ट ऑफ इंस्टीट्यूशनल ट्रांजीशन ऑन एंटरप्रिनुरियल ओरिएंटेशन ऑफ फेमिली बिज़नेसः एविडेंस फ्राम इंडिया", इंटरनेशनल जर्ननल ऑफ एंटरप्रिनुरियल बिहेवियर एण्ड रिसर्च [ABDC (B)]
- जावेद, एम. एस.; और कुमार, के. के. (स्वीकृति मई 2018), "स्टॉक लिक्विडिटि एण्ड फर्म वेल्यूः एविडेंस फ्राम अ पॉलिसी एक्सपेरिमेंट इन इंडिया", इंटरनेशनल रिव्यू ऑफ फाइनोंस, DOI: 10.1111/irfi.12200 [ABDC (A)]
- कावेरी, के.; बासु, संकरशन; और थम्पी, अशोक. (स्वीकृत), "हैज़ द ग्लोबल फाइनेंसियल क्राइसिस चेंज्ड द मार्केट रिस्पॉन्स टू क्रेडिट रेटिंग्स? एविडेंस फ्राम एन इमर्जिंग मार्केट", जर्नल ऑफ इमर्जिंग मार्केट फाइनांस. [ABDC (B)]
- शर्मा, अनुपमा (स्वीकृत), "वर्क एंगेजमेंट, जॉब क्राफ्टिंग एण्ड इन्नोवेटिवनेस इन दि इंडियन आईटी इंडस्ट्री" पर्सोनेल रिव्यू [ABDC (A)]
- गुप्ता, दीपिका; वेलियथ आर.; और जॉर्ज, आर. (2018), "इन्फ्लूएंस ऑफ नेशनल कल्चर ऑन आईपीओ एक्टिविटी, जर्नल ऑफ बिज़नेस रिसर्च, सित. (2018), 226-246 [ABDC (A)]
- जावेद, एम. एस. (मार्च 2019); द सेक्टोरल इफेक्ट ऑफ डिमॉनेटाइजेशन ऑन दि इकोनॉमीः एविडेंस फ्राम अर्ली रिएक्शन ऑफ दि इंडियन स्टॉक मार्केट" कोजेंट इकोनॉमिक्स एण्ड फाइनांस [ABDC (B)]

कॉन्फ्रेंस पेपर प्रस्तुति

- गुप्ता, दीपिका; कुमार, के.; और जॉर्ज, आर. 'इन्फ्लुएंस ऑफ इंटरनल कार्पोरेट गवर्नेंस मेकनिज्म ऑन यूज ऑफ आईपीओ प्रोसीड्स बाय इंडियन फर्म्स', दि अकेडेमी ऑफ मेनेजमेंट (स्ट्रेटेजिक मेनेजमेंट डिविजन) की शिकागो, इलिनॉइस, यूएसए, मे आयोजित ७८वी वार्षिक सभा में प्रस्तुत, अगस्त 10-14, 2018.
- कावेरी, के.; "डज़ प्रोडक्ट मार्केट कॉम्पिटीशन अफेक्ट एनालिसिस' टारगेट प्राइज प्रापर्टी?" मिडवेस्ट रीज़न मीटिंग ऑफ दि अमेरिकन अकाउंटिंग एसोसिएशन (AAA) में प्रस्तुत, अक्टू. 4-6, 2018, इंडियनपॉलिस, इंडियाना.

प्रो. दीपिका गुप्ता को जर्नल ऑफ बिज़नेस रिसर्च में (मार्च 2019) समीक्षा भेजने पर एल्सेवियर समीक्षक मान्यता प्रमाणपत्र पुरस्कार भी मिला।

प्रो अमित बरन चक्रवर्ती को, 26/9/2018 को, कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक शोध परियोजना - 'कॉरपोरेट्स का प्रदर्शनः भारत में विभिन्न स्वामित्व श्रेणियों की फर्म का प्रदर्शन', मूल्य रु.8.30 लाख (GST बगैर) से सम्मानित किया गया है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 12 06/12/2019 19:08:33

6. उद्यमिता

आईआईएम विशाखपट्टणम समग्र रूप से राष्ट्र के और विशेष रूप से आंध्र प्रदेश राज्य के समावेशी और न्यायसंगत विकास के अतिव्यापी लक्ष्य के प्रति अपना योगदान देने के लिए एक रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे देखते हुए, संस्थान इस क्षेत्र में महिलाओं के स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए भा.प्र.सं. बैंगलोर (IIMB) में एन एस राघवन सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरियल लर्निंग (NSRCEL) के साथ साझेदारी कर रहा है। यह परिकल्पना की गई है कि इस कार्यक्रम से क्षेत्र की महिलाओं को अपने उद्यम शुरू करने और बढ़ने में मदद मिलेगी। संस्थान आंध्र विश्वविद्यालय में अपने अस्थायी परिसर में इन्क्यूबेशन सुविधा प्रदान कर रहा है। यह कार्यक्रम भा.प्र.सं.बैं. द्वारा वित्त पोषित है, जिसे गोल्डमैन सैक, एक वैश्विक निवेश बैंक और भारत में सक्रिय निवेशक, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST), भारत सरकार द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

2018 की शुरूआत में, भा.प्र.सं. बैंगलोर के महिला स्टार्टअप कार्यक्रम (WSP) की शुरूआत ने अपने 'डू योर वेंचर' मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) के माध्यम से देश भर की 6000 से अधिक महिला प्रतिभागियों (एपी / टीएस क्षेत्र से 1500+) को प्रशिक्षित किया। इसके बाद, 300 महिला उद्यमियों को भागीदार परिसरों (भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम उनमें से एक है) में आयोजित एक बूट शिविर के लिए चयनित किया गया, जहां उन्हें संचार, ग्राहक संपर्क और विचार सत्यापन पर कक्षा निर्देश मिले। 300 उम्मीदवारों से, 100 आवेदकों को भा.प्र.सं.बैंगलूर परिसर में १० दिवसीय बूट शिविर के लिए चुना गया, जहां उन्हें व्यवसाय योजना विकसित करने, लागत और मूल्य निर्धारण, बिक्री और विपणन, और बातचीत कौशल को समझने के लिए कक्षा निर्देश प्राप्त हुए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में, शीर्ष 100 महिलाओं में से 25 (आ.प्र. / तेलंगाना क्षेत्र से) ने भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम में एक साल के लिए अपने व्यावसायिक विचारों को पोषित किया।

इन्क्यूबेशन चरण के दौरान, प्रतिभागियों को एक पखवाड़े में अपनी प्रगति की रिपोर्ट देनी थी। ये बैठकें व्यक्तिगत और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुईं। इन्क्यूबेशन के दौरान उपलब्ध कराए गए प्रमुख संसाधनः

- भा.प्र.सं.वि. संकाय, पूर्व छात्रों और प्रतिष्ठित उद्योग पेशेवरों द्वारा संरचित और आवधिक मार्गदर्शन सहायता।
- कई स्टार्ट-अप मेंटर्स (NSRCEL), उद्योग प्रतिनिधियों, उद्यमियों और CXO, प्रोफेसर्स और भा.प्र.सं. के प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों के साथ नियमित बातचीत।
- भा.प्र.सं.वि. से इन्क्यूबेशन के एक वर्ष की अवधि तक प्रति माह रू.30,000 / -
- उनके एमवीपी को विकसित करने के लिए एक प्रतिस्पर्धी प्रोटोटाइप विकास ग्रांट।
- विशाखपट्टणम और हैदराबाद दोनों में सभी आधुनिक बुनियादी सुविधाओं के उपयोग के साथ ऑफिस स्पेस।
- भा.प्र.सं.वि. में व्यापक पुस्तकालय संसाधनों तक पहुँच (भौतिक पुस्तकालय सूची, ई-पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ और डेटाबेस)
- अत्याधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं के साथ बैठक कक्ष
- इन्क्यूबेशन चरण के दौरान संरचित मेंटरशिप और बौद्धिक सहायता
- मीडिया कवरेज और प्रदर्शनी

भा.प्र.सं.वि. में उनके एक साल के इन्क्यूबेशन के दौरान समूह ने सफलता की कई कहानियां लिखी हैं। उन उपलब्धियों में से कुछ नीचे दी गई हैं:

- इनक्यूबेटेड पहल में से एक को दिसंबर 2018 में शेल फाउंडेशन और डीएसटी-जीओआई (जोनस्टाट 'अप द्वारा समर्थित एनर्जी एंटरप्रेन्योर्स) द्वारा यूएसडी 10,000 और एक्सिलेटर सपोर्ट की सीड फंडिंग प्राप्त हुई।
- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) में पैसा बाजार फिंटरगेट ज़ोन 2019 द्वारा आयोजित "फिनटेक एम्पावर डेमो नाइट" कार्यक्रम में एक उद्यमी को ट ॉप टेन वेंचर के बीच चयनित किया गया था।
- इन्क्युबेटेड उद्यमों में से एक अपने प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट-स्केल डेमो प्लांट के प्रोटोटाइप के लिए लगभग रू.1.8 करोड़ के क्ष्क्रख स्टार्ट-अप समर्थन कार्यक्रम के अंतिम दौर तक गया।
- इन्क्युबेटेड उद्यमों का उच्चतम मासिक व्यापार कारोबार रुपये 13.0 लाख तक गया।
- इनक्यूबेटेड प्रयासों में से एक APIS, विशाखपट्टणम द्वारा आयोजित एक निवेशक पिच कार्यक्रम "ARISE" में शीर्ष 4 स्टार्ट-अप के बीच चुना गया था।
- इज़राइल में एक डीएसटी प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम के लिए चुने गए आठ में से दो इनक्यूबेटीस भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम के थे।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 13 06/12/2019 19:08:33

प्रतिभागियों को PGP (MBA) छात्रों के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिला। WSP कार्यालय विद्यार्थियों द्वारा संचालित एंट्राप्रिन्योरियल पैशन एंड इनोवेशन क्लब (EPIC) और स्टार्ट-अप के साथ मिलकर PGP छात्रों को व्यावसायिक प्रतियोगिताओं, परामर्श कार्य, लाइव प्रोजेक्ट, अंश-कालिक अंतःशिक्षुता आदि माध्यम से स्टार्ट-अप द्वारा सामना की जाने वाली विभिन्न चुनौतियों पर काम करने का अवसर देता है। इसने दोनों के बीच एक अनोखा तालमेल बिठाया गया ताकि स्टार्ट-अप्स को अपनी प्रबंधकीय चुनौतियों में से कुछ को हल करने के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का समर्थन मिला। जबकि छात्रों को काम शुरू करने से पहले ही वास्तविक दुनिया में अपने सैद्धांतिक ज्ञान को लागू करने के लिए एक खुला कैनवास मिल गया।

इसके अलावा, EPIC के छात्रों ने उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और पोषण करने के लिए कई आयोजन किए। EPIC के वार्षिक कार्यक्रम EXORDIA विभिन्न स्टार्ट-अप संस्थापकों, मर्गदर्शकों और स्टार्ट-अप के उत्साही लोगों को ज्ञान का आदान-प्रदान करने, अनुभव साझा करने और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं से लाभ पाने के लिए एक समान मंच पर लाया। क्लब ने भा.प्र.सं.वि. और भारत से अन्य बिजनेस स्कूलों के छात्रों के लिए स्टार्ट-अप चुनौतियों से संबंधित मामले और व्यापार प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला भी आयोजित की।

भा.प्र.सं.वि. ने इस क्षेत्र के उद्यमियों के लिए नेटवर्किंग इवेंट्स और नॉलेज सीरीज़ कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का भी आयोजन किया, जिसमें शुरुआती चरण के स्टार्ट-अप, स्टार्ट-अप कोच और विभिन्न प्रबंधन और तकनीकी संस्थानों में उद्यमिता सिखाने वाले संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कुछ प्रमुख कार्यक्रमः

- उद्यमियों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम
  - आंध्र प्रदेश और तेलंगाना क्षेत्र से चयनित 70 महिला उद्यमियों के लिए सात दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम।
  - सत्रों को विशेष रूप से उन महिला उद्यमियों के लाभ के लिए डिज़ाइन किया गया था, जो विचार स्तर पर थीं।
- स्क्रीनिंग और निवेशक पिच इवेंट
  - इन्क्युबेशन के लिए स्क्रीनिंग स्टार्ट-अप के लिए 2-दिवसीय पिच कार्यक्रम
  - निवेशक पिच घटना (एक्सोर्डिया 3.0 पर, आधा दिन)
- नेटवर्किंग कार्यक्रम
  - दो नेटवर्किंग इवेंट आयोजित किए गए थे।
  - इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के 150+ उद्यमियों ने भाग लिया था।
- कार्यशालाएं / सेमिनारः
  - कैंपस में नवंबर 2018 में स्टार्ट-अप के लिए मार्केटिंग पर एक सेमिनार आयोजित किया गया था।
- यह कार्यक्रम NSRCEL (भा.प्र.सं. बैंगलोर) के सहयोग से आयोजित किया गया था।
- इस कार्यक्रम में लगभग 90 प्रतिभागी शामिल हुए थे।
  - ईपीआईसी और एपीआईएस के सहयोग से एक दिवसीय संगोष्ठी 'एक्सॉर्डिया' आयोजित की गई थी। जिसमें 100+ हितधारकों ने भाग लिया।
  - कार्यक्रम में कई आमंत्रित उद्योग विशेषज्ञ थे जिन्होंने नवाचार और स्टार्ट-अप संस्कृति के बारे में बात की।
  - एग्री-टेक, एड-टेक, हेल्थ-टेक और सोशल-टेक के क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स द्वारा फिनटेक और सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर पैनल डिस्कशन में उद्यमियों और निवेशकों (एंजल्स और वीसी) ने भाग लिया।
  - स्टार्ट-अप के विभिन्न विपणन और वित्त से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आस-पास के कॉलेजों के स्टार्ट-अप और प्रशिक्षकों को आमंत्रित करने के लिए एक आधा-दिवसीय कार्यशाला / सेमिनार आयोजित किया गया। इसका आयोजन EPIC के सहयोग से किया गया था।
- उद्योग / CXO व्याख्यान श्रृंखलाः
  - इन्क्युबेशन उपक्रमों और स्टार्ट-अप के लिए 20 से अधिक अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए थे।
  - वक्ताओं में अधिकांश सफल उद्यमी, उद्योग के दिग्गज या सफल कंपनियों के संचालन / प्रबंधन प्रमुख थे।
- नेटवर्किंग डिनरः
  - उद्यमी इको-सिस्टम के हितधारकों के साथ दो नेटवर्किंग डिनर आयोजित किए गए थे।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 14 06/12/2019 19:08:33

7. अधोसंरचना

7.1 अस्थायी परिसर

वर्ष के दौरान निम्नलिखित अधोसंरचना - संबंधित परियोजनाओं / सुविधाओं को लिया गया और पूरा किया गया:

- नई कक्षाओं का निर्माण
  - o 60-सीटर कक्षा – 1
  - o 35-सीटर कक्षा – 1
  - o 25-सीटर आधुनिक मीटिंग रूम - 1

7.2 होस्टल

79 छात्रों के लिए एक छात्रावास किराए पर लिया गया और उपयुक्त रूप से सुसज्जित किया गया।

7.3 स्थायी परिसर

- आंध्र प्रदेश सरकार ने आनंदपुरम मंडल के गंभीराम गांव में 241.50 एकड़ (80 फीट सड़क सहित) भूमि आवंटित की।
- साइट की चारदीवारी का निर्माण पूरा किया गया।
- राज्य सरकार द्वारा मार्च 2018 में साइट सौंप दी गई थी।
- भारत सरकार द्वारा १७ सितंबर, 2018 को कुल रू.807.79 करोड़ (चरण-I के लिए रु. 445.0 करोड़) और आवर्ती व्यय के लिए रू.489.89 करोड़ की अनुमानित पूंजीगत व्यय वाली विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अनुमोदित की गई।
- उच्च शिक्षा वित्त पोषण एजेंसी, जिसके साथ संस्थान ने एमएचआरडी की सलाह के अनुसार एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, ने चरण -1 के निर्माण के लिए रू.445.0 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया।
- सार्वजनिक खरीद की नियत प्रक्रिया के बाद, संस्थान ने स्थायी परिसर के लिए आर्कोप एसोसिएट्स प्रा. लि. को आर्किटेक्ट और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) के रूप में नियुक्त किया।
- इस प्रकार, स्थायी परिसर के निर्माण की प्रक्रिया को गति प्रदान की गई है।

7.4 पुस्तकालय

भा.प्र.सं.वि. का पुस्तकालय (https://elibrary.iimv.ac.in/) ज्ञान संसाधनों तक सहज पहुँच प्रदान करता है। यह भा.प्र.सं.वि. समुदाय की जानकारी की जरूरतों को पूरा करने का एक केंद्र है। 1,265 वर्ग फीट में फैला, पुस्तकालय एक हाइब्रिड रिपॉजिटरी है जिसमें डेटाबेस, ई-बुक्स, ऑनलाइन संदर्भ स्त्रोत और एक मुद्रित सामग्री संग्रह शामिल है। यह तीन राष्ट्रीय अवकाश (गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती) को छोड़कर, वर्ष के सभी दिनों में 0800 बजे से 2000 बजे तक खुला रहता है।

पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित सूचना सेवाएं प्रदान करता है:

- किताबों का सर्कुलेशन
- संदर्भ सेवाएं
- साहित्य खोज
- इंटर-लाइब्रेरी लोन (ILL)
- डेटाबेस का सीधा प्रशिक्षण
- वस्तु-सूचना सेवा

पुस्तकालय संस्थागत प्रकाशनों को संग्रहित करके भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम की संस्थागत स्मृति को भी संरक्षित करता है।

रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, लाइब्रेरी ने PGP और PGCEP बैचों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए। इसने दो पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया। इसने छात्रों को किंडल डिवाइस देना शुरू किया। पुस्तकालय की विभिन्न उपयोगकर्ता-अनुकूल पहलों को विद्यार्थियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

7.4.1 सर्कुलेशन सांख्यिकी

जारी की गई पुस्तकें	580
लौटाई गई किताबें	482
पुस्तकों का नवीनीकरण	194
अमेज़न किंडल जारी किया	33
ILL अनुरोध	14
रिमोट एक्सेस लॉग-इन सेशन्स	3116

7.4.2 पुस्तकालय संग्रह में परिवृद्धि: 2018-19

क्र.सं.	संग्रह में जोड़े गए दस्तावेज़ों की प्रकृति	संख्या
1	पुस्तकें	402

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 15 06/12/2019 19:08:33

क्र.सं.	संग्रह में जोड़े गए दस्तावेज़ों की प्रकृति	संख्या
2	जर्नल और पत्रिकाएँ (मुद्रित)	30
3	मुद्रित समाचार-पत्र	9
4	ऑनलाइन समाचार पत्र	2
5	शोध सहायता उपकरण	1
6	आईटी उपकरण	2
7	डेटाबेस	5

पुस्तकालय संग्रह से संबंधित मुख्य बिंदु **विवरणी 6** में दिए गए हैं।

7.5 कंप्यूटर केन्द्र और आईटी अधोसंरचना

कंप्यूटर केंद्र और आईटी अधोसंरचना सुविधाओं की गतिविधियों के मुख्य बिंदु हैं:

- संस्थान की वेबसाइट को इन-हाउस आईटी कार्यबल द्वारा फिर से डिजाइन और रखरखाव किया गया।
- कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई थी।
- नवनिर्मित कक्षाओं और बैठक कक्ष में अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल (एवी) सुविधाएं प्रदान की गईं।
- आईटी सुविधा प्रबंधन सेवाएं और एवी एएमसी सेवाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं, जो आईटी और एवी गतिविधियों के लिए समर्थन सुनिश्चित करती हैं।
- सभी IT एप्लिकेशन को भा.प्र.सं.बैं. से भा.प्र. सं.वि. के डेटा सेंटर में स्थानांतरित किया गया।
- आईआईएम बैंगलोर से होने वाले ज्ञान-हस्तांतरण के साथ, सभी आईटी सहायता गतिविधियों ने भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम से ही, स्वतंत्र रूप से, काम करना शुरू कर दिया।
- विद्यार्थियों के नए होस्टल के लिए इंटरनेट और वाई-फाई सेवाएं प्रदान की गईं।
- शोध को बढ़ावा देने के लिए डेटा एनालिटिक्स सॉफ्टवेयर जैसे SPSS-AMOS, STATA, NVIVO, इवेंट स्टडी मेट्रिक्स आदि की खरीद की गई।
- कैंपस नेटवर्क उपकरण लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया।
- संकाय और कर्मचारियों के उपयोग के लिए GeM पोर्टल के माध्यम से नए डेस्कटॉप, लैपटॉप और प्रिंटर खरीदे गए।
- इनक्यूबेशन सेंटर फॉर वूमेन स्टार्ट-अप प्रोग्राम का समर्थन करने के लिए आईटी और एवी सुविधाएं स्थापित की गईं।
- आंतरिक आईटी कर्मचारियों द्वारा एक इंट्रानेट पोर्टल विकसित किया गया।
- PGP प्रवेश प्रक्रिया को स्वचालित करने के लिए एक ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल विकसित किया गया।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 16 06/12/2019 19:08:33

8. पूर्व-छात्र गतिविधियाँ

शैक्षणिक संस्थान अपने पूर्व विद्यार्थियों के आधार के सक्रिय समर्थन से ही महान ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं। संस्थान की पूर्व विद्यार्थी समिति, अल्यूमनी कार्यालय के समन्वय से, अतीत और वर्तमान के विद्यार्थियों के बीच मजबूत बंधन को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच मजबूत संबंधों के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे कि मेंटरशिप प्रोग्राम, नॉलेज-शेयरिंग वेबिनार, प्लेसमेंट-संबंधित मार्गदर्शन, आदि कई सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इस तरह के संवादात्मक सत्रों का मुख्य उद्देश्य सरकार, उद्योग और समाज में ब्रंड छवि की मजबूती और उनके अल्मा मेटर की दृश्यता को बढ़ावा देना है और साथ ही साथ IIMV परिवार के भीतर नेटवर्किंग को बढ़ावा देना है।

संस्थान ने 23 दिसंबर 2018 को सनश्रेय 2018- वार्षिक पूर्व छात्र घर वापसी का आयोजन किया है। यह उल्लेखनीय है कि आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के वार्षिक पुरस्कार समारोह में भा.प्र.सं.वि. के पूर्व छात्र साईं आदित्य वेलिचेटी (PGP 2015-17) ने 'नए डिजिटल उत्पाद प्रस्ताव के लिए नवाचार पुरस्कार' जीता।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 17 06/12/2019 19:08:33

9. नीति और पहल

9.1 विकलांगता सेवाएँ

भा.प्र.सं. बैंगलोर का विकलांगता सेवा कार्यालय (ODS) विशेष विकलांग विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने में संस्थान का निरंतर सहयोग करता रहता है। संस्थान का लक्ष्य विकलांग विद्यार्थियों के लिए समान पहुँच प्रदान करना है ताकि उन्हें किसी अन्य छात्र की तरह ही अच्छा शैक्षिक अनुभव प्राप्त हो। संस्थान में कार्यक्रम कार्यालय, ODS (भा.प्र.सं. बैंगलोर) के परामर्श से संकाय और विद्यार्थियों के साथ काम करता है ताकि विद्यार्थियों की आवश्यकताओं जैसे कक्षाओं तक पहुँच, विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था आदि सुनिश्चित की जा सके। संस्थान विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों का स्वागत करता है और एक सक्षम वातावरण और एक भेदभाव रहित संस्कृति के निरंतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। तदनुसार, संस्थान यह सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी भी स्वीकार करता है कि विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों को सभी गतिविधियों, शैक्षणिक और अन्य तक समान पहुंच प्राप्त हो, और उन्हे अन्य विद्यार्थियों की तुलना में कोई हानि न उठानी पड़े।

विशेष आवश्यकताओं वाले प्रत्येक विद्यार्थी की आवश्यक विशिष्ट आवास की पहचान मूल्यांकन के माध्यम से की जाती है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि कार्यालय - आवास से शुरू होकर परिसर की पहुंच और किसी अन्य सहायता की आवश्यकता तक, प्रत्येक चरण में विद्यार्थी के साथ काम कर सके।

ओरिएंटेशन वीक के दौरान, विकलांग छात्रों के प्रति जागरूकता और संवेदीकरण निर्मित करने के लिए एक सत्र शामिल किया गया है।

परिसर और हॉस्टल परिसर को लिफ्टों के साथ सुसज्जित किया गया है, मौजूदा बुनियादी ढांचे को और अधिक सुलभ बनाने के लिए रैंप, रेलिंग और सुलभ वॉशरूम तैयार किए गए हैं। छात्रों और क्षेत्र विशेषज्ञों से प्राप्त इनपुट के आधार पर साल दर साल सुधार किए जा रहे हैं।

विकलांगता वाले छात्रों का विस्तार **विवरणी 7** में दिया गया है।

9.2 आंतरिक शिकायत समिति

संस्थान अपनी छात्राओं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को महत्व देता है। यह एक सुरक्षित परिसर है जहां सुरक्षा उपाय, जैसे कि सीसीटीवी, पूर्ण-कालिक सुरक्षा, आदि उपलब्ध हैं और बारीकी से निगरानी की जाती है। संस्थान के पास अपने समुदाय के किसी भी सदस्य द्वारा उठाए गई शिकायत के किसी भी रूप को संबोधित करने की एक त्वरित प्रणाली है। संस्थान अच्छे आचरण के मानदंडों को लागू करने में सभी उपलब्ध कानूनी और प्रक्रियात्मक दिशानिर्देशों का पालन करता है। किसी भी प्रकार के भेदभाव या उत्पीड़न के प्रति संस्थान की शून्य-सहिष्णुता की नीति वेबसाइट (www.iimv.ac.in) पर स्पष्ट रूप से बताई गई है। यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानून द्वारा आवश्यक एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) है, जिसका नेतृत्व वरिष्ठ शिक्षक संकाय सदस्या करती है। आईसीसी शिकायतों के त्वरित निवारण और पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए सुसज्जित है। ओरिएंटेशन वीक के दौरान, यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर जागरूकता और संवेदीकरण का निर्माण करने के लिए एक सत्र शामिल किया जाता है, जिसमें यौन उत्पीड़न के उदाहरण, आईसीसी सदस्यों का विवरण, संस्थान-समुदाय की जिम्मेदारियां, आदि नीतियों पर एक प्रस्तुति दी जाती है।

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, भा.प्र.सं.वि., आईसीसी की त्रैमासिक बैठकें आयोजित कर रहा है ताकि चीजों का जायजा लिया जा सके और VISHAKA दिशानिर्देशों की सभी आवश्यकताओं की पूरी तैयारी की जा सके। संस्थान पूरे भा.प्र.सं.वि. समुदाय के लाभ के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

संस्थान की स्थापना के बाद से अब तक, विचाराधीन वर्ष सहित, किसी भी तरह के उत्पीड़न का कोई मामला सामने नहीं आया है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 18 06/12/2019 19:08:33

10. कार्मिक और प्रशासन

संस्थान में 31 मार्च 2019 तक, 13 अधिकारी, 9 प्रशासनिक कर्मचारी, 2 लाइब्रेरी इंटर्न और 11 शैक्षणिक सहयोगी, सभी संविदात्मक शर्तों पर और एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नियमित शर्तों पर और 2 कर्मचारी (परामर्श / सलाहकार भूमिका में) अनुरक्षण के आधार पर थे।

विस्तृत स्थिति जानकारी **विवरणी 8** में दी गई है।

कर्मियों की सूची **विवरणी 9** में दी गई है।

10.1 राजभाषा कार्यान्वयन

भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम हर संभव तरीके से आधिकारिक भाषा के उपयोग का ईमानदारी से प्रयास करता है। संस्थान ने साइन बोर्ड आदि में हिंदी भाषा के उपयोग को लागू किया है। संस्थान ने 'हिंदी दिवस' 'समारोह के दौरान हिंदी भाषण, कविता और स्लोगन प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की हैं। संस्थान भाषा के प्रति अधिक जागरूकता पैदा करने का प्रयास करता है और अपने सभी दैनिक कार्यों में हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करता है।

10.2 डिजिटल लेनदेन और ई-खरीद

संस्थान हमेशा से ही डिजिटल तकनीकों को अपनाने में सबसे आगे रहा है। वित्त वर्ष 2018-19 में हुए कुल 3211 लेनदेन में से 3006 (93.62%) डिजिटल लेनदेन थे। संस्थान ने GeM पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं की खरीद भी प्रारंभ की है और वस्तुओं और आपूर्ति के सोर्सिंग के लिए सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल (CPPP) के माध्यम से ई-प्रोक्योरमेंट का अनुसरण करता है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 19 06/12/2019 19:08:33

11. वित्तीय स्थिति

वर्ष 2018-19 के लिए संस्थान की आय और व्यय दिखाने वाला वित्तीय विवरण नीचे दिखाया गया है:

विवरण		रू. करोड़ में	
	आवर्ती व्यय	**2018-19**	**2017-18**
1	आय		
	सरकारी अनुदान	08.78	15.44
	स्व-राजस्व	10.67	06.73
	कुल	19.45	22.17
2	**व्यय**	19.41	15.44
3	**आधिक्य / घाटा**	00.04	06.73
घटाएं:	नामित निधि में / (से) हस्तांतरित	-	-
	सकल अधिशेष / घाटा	00.04	06.73
जोड़ें:	घाटे की प्रतिपूर्ति में प्रयुक्त निधि (गैर-आवर्ती)	-	-
4	कायिक / पूँजी कोष में स्थानांतरित की गई शुद्ध बचत	00.04	06.73
	गैर-आवर्ति		
1	**प्राप्तियाँ**		
	मा.सं.वि.मंत्रालय से अनुदान	02.52	08.24
2	**व्यय**		
	अचल संपत्ति खरीद	04.98	06.24
	गैर-आवर्ति निधि से पूरे किए गए व्यय (उपरोक्तानुसार)	-	-
3	**निधियों (गैर-आवर्ति) से पूरे किए गए कुल व्यय**	04.98	06.24

अन्य वित्त संबंधी विवरण लेखा विवरणी 2018-19 में संलग्न हैं।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 20 06/12/2019 19:08:34

12. विवरणियाँ

विवरणी 1

शासी मंडल

2018-19 के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	6

बैठक क्रमांक	दिनाँक
7वी बैठक	8 जून 2018
8वी बैठक	28 सितंबर 2018
9वी बैठक (भा.प्र.सं. अधिनियम, 2017 के तहत शासी मंडल की 1ली बैठक)	26 नवंबर 2018
10वी बैठक (भा.प्र.सं. अधिनियम, 2017 के तहत शासी मंडल की 2री बैठक)	11 जनवरी 2019
11वी बैठक (भा.प्र.सं. अधिनियम, 2017 के तहत शासी मंडल की 3री बैठक)	20 फरवरी 2019
12वी बैठक (भा.प्र.सं. अधिनियम, 2017 के तहत शासी मंडल की 4थी बैठक)	30 मार्च 2019

सदस्यों के नाम	बैठकों में उपस्थिति	टिप्पणियाँ
हरि एस. भरतिया (अध्यक्ष)	6	
संजय कुमार सिन्हा	3 (8वी ,9वी और 10वी)	12वीं के लिए अनुपस्थिति का आवेदन
सुब्रत कुमार प्रधान	1 (11वी)	जेएस (प्रबंधन) के प्रतिनिधि
अरुण कुमार	1 (8वी)	एमएचआरडी, भारत सरकार
राकेश भूटानी	2 (7वी और 10वी)	जेएस एंड एफए के प्रतिनिधि
एक श्रीकांत	1 (9वी)	एमएचआरडी, भारत सरकार
के दमयंती	2 (10वी और 11वी)	जेएस (प्रबंधन) के प्रतिनिधि
आदित्य नाथ दास	1 (7वी)	7वीं बैठक में एमएचआरडी, भारत सरकार और 10वीं बैठक में उपस्थिति
राकेश कपूर	2 (7वी और 8वी)	आंध्र प्रदेश सरकार के खास मुख्य सचिव (उच्च शिक्षा) के प्रतिनिधि
जी योगानंद	2 (7वी और 8वी)	7वीं, 8वीं और 9वीं के लिए सदस्य नहीं और 12वीं के लिए अनुपस्थिति का आवेदन
उमा सुधींद्र	4 (7वी, 8वी, 11वी और 12वी)	10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए सदस्य नहीं और 8वीं के लिए अनुपस्थिति का आवेदन
प्रसाद दाहपुते	4 (7वी, 8वी, 11वी और 12वी)	9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए सदस्य नहीं
उदय बी देसाई	1 (8वी)	9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए सदस्य नहीं
नौशाद डी फोर्ब्स	2 (7वी और 8वी)	9वीं और 10वीं के लिए सदस्य नहीं

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 21 06/12/2019 19:08:34

सदस्यों के नाम	बैठकों में उपस्थिति	टिप्पणियाँ
सतीश रेड्डी	3 (7वी , 11वी और 12वी)	9वीं और 10वीं के लिए सदस्य नहीं
वी के सोनी	1 (8वी)	9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए सदस्य नहीं और 7वीं के लिए अनुपस्थिति का आवेदन
जी रघुराम	5 (7वी , 8वी , 10वी , 11वी और 12वी)	9वीं और 10वीं के लिए सदस्य नहीं और 11वीं और 12वीं के लिए अनुपस्थिति का आवेदन
राजीव कपूर	3 (10वी , 11वी , और 12वी)	9वीं और 10वीं के लिए सदस्य नहीं और 8वीं के लिए अनुपस्थिति का आवेदन
मालविका हरिता	3 (10वी , 11वी , और 12वी)	अध्यक्ष के प्रतिनिधि, AICTE
एम चंद्रशेखर	6	
आमंत्रितगण		
वी भास्कर	3 (7वी, 8वी और 12वी)	
बी श्रीरंगचार्युलु	4 (7वी,8वी , 10वी और 12वी)	
निमरूजी प्रसाद जे	1 (7वी)	
दीपिका गुप्ता	3 (8वी, 10वी और 12वी)	
राजीव मिश्रा	1 (11वी)	
अमित बी. चक्रवर्ती	1 (11वी)	
आर साईकृष्ण राजू	1 (11वी)	
उपस्थिति		
जी जानकी रामचंद्रम, मंडल सचिव	2 (7वी और 8वी)	
कलीम वी. खान,मंडल सचिव	4 (9वी , 10वी , 11वी और 12वी)	

भवन निर्माण और कार्य समिति

2018-19 के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या	2

बैठक क्रमांक	दिनाँक
3री बैठक	01 जून 2018
4थी बैठक	01-02 दिसंबर 2018

सदस्य का नाम	बैठकों में उपस्थिति	टिप्पणियाँ
सतीष रेड्डी (अध्यक्ष)	2	
लिगी फिलिप	2	
राजीव मिश्रा	2	

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 22 06/12/2019 19:08:34

सदस्य का नाम	बैठकों में उपस्थिति	टिप्पणियाँ
वी नागदेवरा	2	
पी बसंत कुमार	2	
अमित बरन चक्रबर्ती	2	
एम. चंद्रशेखर	2	
आर सांईकृष्ण राजू	2	
आमंत्रितगण		
सुशांत बालिगा	2	
निमरूजी प्रसाद	1(3री)	
बी श्रीरंगचार्युलु	1(4थी)	

विषय विशेषज्ञ		
चेतन वैद्य	1(4थी)	
पद्मावती परवर	1(4थी)	
बिप्लब के सेनगुप्ता	1(4थी)	
टी श्रीनिवास	1(4थी)	

वित्त, निवेश और लेखा परीक्षा समिति

2018-19 के दौरान आयोजित की गई बैठकों की संख्या	4

बैठकों की संख्या	दिनाँक
4थी बैठक	08 जून 2018
5वीं बैठक	28 सितंबर 2018
6वीं बैठक	09 दिसंबर 2018
7वीं बैठक	29 मार्च 2019

सदस्य का नाम	बैठकों में उपस्थिति	टिप्पणियाँ
वी भास्कर	4	
ए राधा कृष्ण	4	
अरूण कुमार	1 (5वी)	जेएस एंड एफए, एमएचआरडी, भारत सरकार के प्रतिनिधि
पद्मिनी श्रीनिवासन	3 (4वी, 5वी और 7वी)	6वीं के लिए अनुपस्थिति का आवेदन
एम चंद्रशेखर	4	
सी पी विट्ठल	4	

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 23 06/12/2019 19:08:34

सदस्य का नाम	बैठकों में उपस्थिति	टिप्पणियाँ
उपस्थिति		
निमरूजी प्रसाद जे	1 (4वी)	
सीए वी श्रीनिवास राव	1 (4वी)	
सीए पी वी सिद्दार्ध गुप्ता	1 (4वी)	
दीपिका गुप्ता	3 (5वी,6वी और 7वी)	
जी नंदिता	2 (6वी और 7वी)	

विवरणी 2

पीजीपी 2018-19 में पेश किए गए ऐच्छिक विषयों की सूची

क्र.सं.	शीर्षक	क्रेडिट्स	संकाय
1	उन्नत विश्लेषिकी	3.0	वी नागदेवरा
2	विज्ञापन प्रबंधन	3.0	के. सुनील चंद्रन
3	उद्योग और समाज में ऋ के अनुप्रयोग	3.0	रामानुजम श्रीधर
4	बी 2 बी प्रबंधन	3.0	राजेश पंडित और सूरी वल्लूरी
5	बैंकिंग, वित्तीय बाज़ार और प्रणालियाँ	3.0	पी सी नारायण
6	एफ्क्स-दुबई	3.0	गणेश एन प्रभु और अमित बरन चक्रवर्ती
7	एफ्क्स-जापान	3.0	डी कृष्णा सुंदर और कल्याण के
8	ब्रंड प्रबंधन	3.0	जयशंकर रामनाथन
9	व्यवसाय डेटा खनन और निर्णय मॉडल	3.0	वी नागदेवरा
10	उपभोगता व्यवहार	3.0	अनुराग दुगर
11	कॉर्पोरेट मूल्यांकन	3.0	अनिल सूद
12	डिजिटल मार्केटिंग और ई-कॉमर्स	3.0	सूरी वल्लूरी और के. सुनील चंद्रन
13	आर के उपयोग द्वारा वित्तीय विश्लेषण	3.0	मोहम्मद शमीम जावेद और के किरण कुमार
14	सामान्य व्यावसायिक ज्ञान	3.0	एस शंकर
15	हाई-टेक मार्केटिंग	3.0	प्रकाश बागड़ी
16	औद्योगिक संगठन और फर्म का प्रदर्शन	3.0	विनय रमनी
17	उद्योग और प्रतियोगी विश्लेषण	3.0	अमित बरन चक्रवर्ती
18	नवाचार, प्रौद्योगिकी और नए उत्पाद विकास	3.0	दीपिका गुप्ता
19	अंतरराष्ट्रीय व्यापार	3.0	अमित बरन चक्रवर्ती
20	निवेश बैंकिंग	3.0	प्रताप गिरि
21	निवेश	3.0	शंकरसन बसु और कावेरी कृष्नन

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 24 06/12/2019 19:08:34

क्र.सं.	शीर्षक	क्रेडिट्स	संकाय
22	सॉफ्टवेयर परियोजनाओं का प्रबंधन	3.0	मधुचंद्रा दास औंधे
23	विलय अधिग्रहण और कॉर्पोरेट पुनर्गठन	3.0	उत्कर्ष मजूमदार
24	संचालन शोध अनुप्रयोग	3.0	बी श्रीरंगचार्युलु और जी श्रीनिवासन
25	संचालन रणनीति	3.0	डी कृष्णा सुंदर
26	परियोजना प्रबंधन	3.0	वी नागदेवरा
27	विपणन निर्णयों के लिए शोध	3.0	सुरेश रामादुराई
28	खुदरा प्रबंधन	3.0	अनिल सूद
29	जोखिम प्रबंधन	3.0	सुजॉय रॉयचौधरी
30	बिक्री और वितरण प्रबंधन	3.0	पिंगली वेणुगोपाल
31	सेवाएँ विपणन	3.0	अनुराग दुगर
32	व्यापार और व्यक्तिगत उत्पादकता के लिए स्प्रेडशीट	3.0	वी एन शास्त्री
33	रणनीतिक विपणन	3.0	विवेक मडुपु
34	आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन	3.0	जी. श्रीनिवासन
35	टेक्स्ट माइनिंग एंड सोशल मीडिया एनालिटिक्स	3.0	बालामुरली ए आर

विवरणी 3

PGCEP में प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सूची

क्र.सं.	शीर्षक	क्रेडिट्स	संकाय
1	व्यष्टि अर्थशास्त्र	1.2	कल्याण कोलुकुलुरी
2	प्रबंधन लेखांकन	1.2	मोहम्मद शमीम जावेद
3	गतिविधि शोध	1.2	बी. श्रीरंगचार्युलु
4	विपणन प्रबंधन 1	1.2	भाग्यलक्ष्मी वेंकटेश
5	ओबी और एचआर 1	1.2	अनुपमा शर्मा
6	व्यापारिक आँकड़े	1.2	अनिर्बान घटक
7	व्यापार संचार	1.2	राकेश गोधवानी
8	समष्टि अर्थशास्त्र	1.2	कल्याण कोलुकुलुरी
9	वित्तीय प्रबंधन I	1.2	कावेरी कृष्नन
10	संचालन प्रबंधन	1.2	मिलन कुमार
11	विपणन प्रबंधन II	1.2	जयशंकर रामनाथन

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 25 06/12/2019 19:08:34

क्र.सं.	शीर्षक	क्रेडिट्स	संकाय
12	ओबी और एचआर II	1.2	अनुपमा शर्मा
13	रणनीतिक प्रबंधन	1.2	दीपिका गुप्ता
14	व्यापार कानून	1.2	लियोनेल अरान्हा
15	वित्तीय प्रबंधन II	1.2	मोहम्मद शमीम जावेद
16	संभार तंत्र और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन	1.2	मिलन कुमार
17	विपणन प्रबंधन III	1.2	आशीष कुमार
18	कॉर्पोरेट जिम्मेदारी	1.2	अमित बरन चक्रवर्ती
19	अंतरराष्ट्रीय व्यापार	1.2	अमित बरन चक्रवर्ती
20	उद्यमिता और नवाचार	1.2	दीपिका गुप्ता
21	प्रबंधन सूचना प्रणाली	1.2	मधुचन्द्रा दास औंधे

विवरणी 4

31 मार्च 2019 तक संकाय सूची

नाम	संबद्धता
एम चंद्रशेखर	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
अनिर्बन घटक	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
मोहम्मद शमीम जावेद	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
बी. श्रीरंगाचार्युलु	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
अनुपमा शर्मा	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
अमित बरन चक्रबर्ती	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
कल्याण कोलुकुलुरी	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
कावेरी कृष्नन	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
जयाशंकर रामनाथन	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
मिलन कुमार	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
दीपिका आर गुप्ता	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
भार्गब चट्टोपाध्याय	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
विनय रमनी	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
बिशाखा मजूमदार	भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम
भाग्यलक्ष्मी वेंकटेश	अनुबंधक
राकेश गोधवानी	अनुबंधक
लियोनेल अरान्हा	अनुबंधक

नाम	संबद्धता
आशीष कुमार	अनुबंधक
मधुचन्द्रा दास औंधे	अनुबंधक
अनिल सूद	अनुबंधक
अनुराग दुगर	अनुबंधक
बालामुरली ए आर	अनुबंधक
डी कृष्णा सुंदर	भा.प्र.सं. बैंगलुरू
जी श्रीनिवासन	अनुबंधक
गणेश एन प्रभु	भा.प्र.सं. बैंगलुरू
जयंती अय्यर	अनुबंधक
के किरण कुमार	अनुबंधक
के. सुनील चंद्रन	अनुबंधक
एम एस राजगोपालन	अनुबंधक
एम एस श्रीराम	भा.प्र.सं. बैंगलुरू
पी सी नारायण	भा.प्र.सं. बैंगलुरू
पिंगली वेणुगोपाल	अनुबंधक
प्रकाश बागड़ी	अनुबंधक
प्रताप गिरि	अनुबंधक
राजेश पंडित	अनुबंधक
रामानुजम श्रीधर	अनुबंधक
एस शंकर	अनुबंधक
शंकरसन बसु	भा.प्र.सं. बैंगलुरू
शबाना मित्रा	अनुबंधक
सुजॉय रॉयचौधरी	अनुबंधक
सुरेश रामादुराई	अनुबंधक
सूरी वल्लूरी	अनुबंधक
उत्कर्ष मजूमदार	अनुबंधक
वी आनंद राम	अनुबंधक
वी एन शास्त्री	अनुबंधक
वी नागदेवरा	अनुबंधक
वी रंगनाथन	अनुबंधक
विवेक मडुपु	अनुबंधक

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 27 06/12/2019 19:08:34

विवरणी 5

अतिथि व्याख्यानों की सूची

क्र.सं.	नाम	संबद्धता
1	डॉ. अनु थॉमस	ईवाय में प्रबंधक (डेटा और एनालिटिक्स)
2	विश्वनाथ पिंगली	संकाय - भा.प्र.सं. अहमदाबाद
3	तकाशी सुजुकी	महानिदेशक, जापान विदेश व्यापार संगठन (जेट्रो)
4	अभिषेक सिन्हा	महाप्रबंधक - बिक्री, ब्रिटानिया उद्योग लिमिटेड
5	सौरभ जैन	उपाध्यक्ष, पेटीएम
6	संजय कुमार	निदेशक (कार्मिक), वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि.
7	अडवोकेट जहा आरा	भा.प्र.सं.वि. आईसीसी सदस्य
8	सत्यार्थ प्रियदर्शी	उत्पाद विपणन प्रमुख, जिओ चैट - जिओ

विवरणी 6

पुस्तकालय संग्रह के मुख्य बिंदु

ई-कलेक्शन :

ज्ञान संसाधन	संख्या	विवरण
ई-बुक्स	12000+	▪ प्रोक्वेस्ट ई-बुक सेंट्रल के माध्यम से उपलब्ध
ऑनलाइन संदर्भ स्त्रोत	3	▪ वायली एनसाइक्लोपीडिया
ई-बुक रीडर	2	▪ अमेज़न किंडल पेपरव्हाइट
वित्त डेटाबेस (कंपनियों का वित्तीय विवरण, वार्षिक प्रतिवेदन, बाजार के आंकड़े, उद्योग और कंपनी विश्लेषण, आदि)	9	ऐस एनालाइजर केपिटालाइन सीएमआईई प्रोवेस आईक्यू सीएमआईई प्रोवेस डीएक्स सीएमआईई आर्थिक आउटलुक एस एंड पी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस एनएसई इंफोबेस वेंचर इंटेलिजेंस (पीई / वीसी डील डेटाबेस) ईएमआईएस इंटेलिजेंस
अन्य डेटाबेसेस (बिजनेस लिटरेचर, केस स्टडीज, सांख्यिकीय सूचना आदि)	7	ईबीएससीओ बिजनेस सोर्स कंप्लीट प्रोक्वेस्ट एबीआई इन्फॉर्म्स क्रिसिल रिसर्च Indiastat.com पासपोर्ट यूरोमॉनिटर WARC JSTOR

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 28 06/12/2019 19:08:34

ज्ञान संसाधन	संख्या	विवरण
ई-जर्नल्स	2798	वायली (550) एल्सेवियर (330) एमराल्ड (297) सेज (514) टेलर और फ्रांसिस (404) इन्फॉर्म्स (16) प्रोजेक्ट म्यूज (687)
शोध सहायक उपकरण	2	ग्रामरली, टर्नइटइन
आईटी उपकरण	2	रिमोट एक्स एस, ईबीएससीओ डिस्कवरी सर्विस
ऑनलाइन समाचार पत्र	4	FT.com, वॉल स्ट्रीट जर्नल, प्रेस रीडर, द इकोनॉमिस्ट

31/3/2019 तक प्रिंट कलेक्शन

प्रकार	मात्रा
पुस्तकें	1932
सीडी-रोम	8
सूक्ष्म दस्तावेज़: क. वर्किंग पेपर्स ख. पैंफलेट्स ग. सरकारी प्रकाशन और रिपोर्ट	 16 01 17

विवरणी 7

दिव्यांग विद्यार्थियों का विवरण - पीजीपी 2018-20

कुल विद्यार्थियों की संख्या	0
अल्प दृष्टि/दृष्टिहीन विद्यार्थी	0
अस्थि विकलांगता / मस्तिष्क पक्षाघात	0

विवरणी 8

संकाय एवं कर्मचारी

अवधि	नियमित संकाय	अनुबंधक संकाय	कुल
मार्च, 2018 को	9	40	49
2018-19 को दौरान नियुक्ति	5	34	39
2018-19 के दौरान सेवामुक्ति	1	40	41
मार्च, 2019 को	13	34	47

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 29 06/12/2019 19:08:35

अधिकारी

अवधि	संख्या (*)
मार्च, 2018 को	9
2018-19 के दौरान नियुक्ति	5
2018-19 के दौरान सेवामुक्ति	1
मार्च, 2019 को	13

(*) उ नियमित शर्तों पर नियुक्त एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को छोड़कर, सभी संविदात्मक शर्तों पर

अन्य कर्मचारी

अवधि	संख्या (*)
मार्च, 2018 को	15
2018-19 के दौरान नियुक्ति	10
2018-19 के दौरान सेवामुक्ति	1
मार्च, 2019 को	24

(।) उ सभी संविदात्मक नियुक्तियां

विवरण 9

अधिकारियों की सूची (*)

क्र.सं.	नाम	पद
1	जगदीश बी टी	परियोजना इंजीनियर - अधोसंरचना
2	विस्वनाथ बेहरा	कार्यक्रम प्रबंधक - शैक्षणिक कार्यक्रम
3	रमेश कुमार सेथुरमन	प्रबंधक - छात्र छात्रावास और मेस
4	साईकृष्ण राजू	परियोजना प्रबंधक - अधोसंरचना
5	नवनाथ पवार	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
6	तपस रंजन पाति	प्रबंधक - सीडीएस और पूर्व छात्र संबंध
7	के वी एल एन मूर्ति	ओएसडी - निदेशक कार्यालय
8	सी पी विट्टल	प्रबंधक - वित्त और लेखा
9	कमल कीर्ति	सहायक प्रबंधक - आईटी
10	गुंडला नंदिता	सहायक प्रबंधक - वित्त और लेखा
11	वी भास्कर राम	चिकित्सा अधिकारी
12	सालादी कृष्ण कांत	परियोजना इंजीनियर - सिविल
13	कलीम वी. खान	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

(*) उ नियुक्ति की तिथि के अनुसार सूचीबद्ध। नियमित शर्तों पर नियुक्त एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को छोड़कर, सभी संविदात्मक शर्तों पर

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 30 06/12/2019 19:08:35

अन्य कर्मचारियों की सूची (*)

क्र.सं.	नाम	पद
1	सुनील कुमार सिन्हा	परियोजना कार्यकारी - लेखा
2	एम एस सुब्रमन्यम	परियोजना कार्यकारी - प्रशासन
3	एन सचिदानंदम	परियोजना कार्यकारी - शैक्षणिक कार्यक्रम
4	विश्वनाथ टी	परियोजना कार्यकारी - लेखा
5	दीपा मोहन	काउंसलर (रिटेनरशिप के आधार पर)
6	इंदु पी	कार्यकारी - PGCEP
7	ए. जयसिम्हा रेड्डी	परियोजना कार्यकारी
8	देवोश्री मुखर्जी	वरिष्ठ कार्यकारी (शैक्षणिक कार्यक्रम)
9	काव्या गेडेला	शैक्षणिक सहयोगी
10	सुभाश्री नायक	शैक्षणिक सहयोगी
11	केसव कुमार मेडम	शैक्षणिक सहयोगी
12	मोतुरू वेंकटा राजा सेखर	शैक्षणिक सहयोगी
13	पूनम खानोरिया	शैक्षणिक सहयोगी
14	टी सुनीता	शैक्षणिक सहयोगी
15	जेटी शिव कुमार	शैक्षणिक सहयोगी
16	बिस्वाश्री तनया प्रियदर्शनी	शैक्षणिक सहयोगी
17	श्रीनिवास दिनकर नेति	शैक्षणिक सहयोगी
18	वी शिव शंकर	पुस्तकालय इंटर्न
19	टी गणेश कुमार	पुस्तकालय इंटर्न
20	कुश डबराल	कार्यालय सहायक
21	प्रवीना मुसुनुरु	शैक्षणिक सहयोगी
22	शशि भूषण कौशिक	सलाहकार - प्रशासन
23	कोटा वरुणा देवी	जूनियर इंजीनियर - सिविल
24	बागड़े दिलीप कुमार	शैक्षणिक सहयोगी

(*) उ नियुक्ति की तिथि के अनुसार सूचीबद्ध। सभी संविदात्मक शर्तों पर।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 31 06/12/2019 19:08:35

13. निदेशक का संदेश

(वर्ष 2018-19 के लिए, भा.प्र.सं. अधिनियम 2017 के प्रासंगिक अनुभागों के अनुपालन में)

धारा 26(1)(a):

संस्थान की गतिविधियाँ

संस्थान ने अपनी प्रगतिशील गतिविधि को जारी रखते हुए, 2018-19 के दौरान अपनी रोमांचक यात्रा में कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर पार किए हैं। 31/1/2018 से भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम 2017 लागू होने के साथ, राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में, संस्थान को प्रबंधन शिक्षा, प्रबंधन शोध और ज्ञान के संबद्ध क्षेत्रों में वैश्विक उत्कृष्टता के मानकों को प्राप्त करने का अधिकार मिल गया है।

संस्थान मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD), भारत सरकार (GoI) के प्रोत्साहन और समर्थन के साथ-साथ अधिनियम के तहत (पुनः)गठित अपने शासी मंडल (BoG), से लाभान्वित होता रहा है। श्री हरि एस भरतिया, सह-अध्यक्ष और संस्थापक, जुबिलेंट भरतिया समूह को चार साल की अवधि के लिए संस्थान के शासी मंडल के अध्यक्ष के रूप में (पुनः)नियुक्त किया गया है, 15/11/2018 से प्रभावी। एमएचआरडी और आंध्र प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग से वरिष्ठ जन सेवकों के साथ, भा.प्र.सं. के उत्कृष्ट पूर्व छात्र और उत्कृष्ट व्यक्ति जिन्होंने वाणिज्य, शिक्षा, उद्यमिता, उद्योग, प्रबंधन, लोक प्रशासन, सामाजिक सेवा आदि के क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई है, और शासी मंडल की नीति, रणनीति के साथ शासन और सुःशासन द्वारा भी संस्थान ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। भवन और निर्माण समिति (BWC) के साथ-साथ संस्थान की वित्त, निवेश और लेखा परीक्षा समितियों (FIAC) की अध्यक्षता और / या प्रतिनिधित्व भी, प्रासंगिक विशेषज्ञता और प्रशासन, उद्योग और शिक्षा में गहन अनुभव धारी पेशेवरों द्वारा की जाती है, जो संस्थान की प्रगति और विकास में उल्लेखनीय योगदान देते हैं।

संस्थान की कुछ मुख्य उल्लेखनीय उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

संस्थान का नेतृत्व

संस्थान, विभिन्न मोर्चों पर, नई पीढ़ी के अपने प्रतिस्पर्धा संस्थानों के बीच अग्रणी बना हुआ है, जैसे कि:

क. उच्च स्तरीय परिणामों के लिए अनुकूल विश्वस्तरीय अधोसंरचना, अस्थायी परिसर में भी;

ख. सभी संकाय भारत और विदेशों के शीर्ष संस्थानों, जैसे कि आईआईएम, आईआईटी और प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों, से पीएचडी हैं, प्रभावशाली शैक्षणिक और शोध प्रमाण के साथ;

ग. भा.प्र.सं. बैंगलोर (मेंटर इंस्टीट्यूट) के बाद, महिला स्टार्ट-अप कार्यक्रम नामक एक विशेष पहल के तहत, महिला-उद्यमियों के सबसे बड़े समूह की मेजबानी;

घ. शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से पीएचडी कार्यक्रम का शुभारंभ की घोषणा (2018 कॉमन एडमिशन टेस्ट बुलेटिन में ही);

ङ. अनुभवी पेशेवरों के लिए सप्ताहांत पर एक अनुकूलित स्नातकोत्तर कार्यक्रम आयोजित करना;

च. देश के लगभग 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आने वाले विद्यार्थियों; और लगभग 10 राज्यों से आने वाले संकाय सदस्यों के रूप में एक सच्चे राष्ट्रीय चरित्र को दर्शाता है।

संस्थान ने यह सब अपने अस्तित्व के केवल तीन वर्षों में हासिल कर लिया है, जो संस्थान और उसके सभी हितधारकों के लिए गर्व और संतुष्टी का विषय है।

विद्यार्थी प्रवेश

2015 में अपनी स्थापना के बाद पहली बार, 2018 में संस्थान में विद्यार्थियों के प्रवेश का आंकड़ा 100 के पार हुआ है, इस प्रकार विद्यार्थियों की संख्या को दो वर्गों तक बढ़ाया जा सका। इससे क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई और आंतरिक संसाधन उत्पादन (आईआरजी) में सुधार हुआ।

संकाय

संकाय संख्या बढ़ाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, संस्थान ने वर्ष के दौरान पांच और संकायों की भर्ती की, जो पहले से ही नियुक्त आठ संकाय सदस्यों के समूह में शामिल हुए। इस प्रकार, संस्थान ने मार्च 2019 के अंत तक, प्रबंधन में सभी मुख्य विषयों के 13 संकाय सदस्य नियुक्त हैं।

संकाय ने प्रदर्शन के सभी चार स्तंभों, अर्थात शिक्षण; शोध; संस्थान की सेवा; और पेशे की सेवा, में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके पेपर्स उच्च प्रभाव वाली पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए, विदेशों में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किए गए और प्रतिस्पर्धी शोध अनुदान भी जीता है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 32 06/12/2019 19:08:35

स्थानन

छात्रों को शिक्षा के अच्छे परिणामों और प्रभावशाली प्रदर्शन में सक्षम बनाने के लिए संकाय द्वारा किए गए प्रयासों के बल पर, संस्थान ने प्रतिभा-अधिग्रहण के एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। छात्रों को मिलने वाला वेतन-प्रस्ताव झऔसत रु.12.61 लाख प्रति वर्ष; शीर्ष चतुर्थांश रु.17.07 लाख प्रति वर्षट ने कई किर्तिमान तोड़ दिए हैं, न केवल संस्थान के (पिछले वर्षों में) बल्कि अन्य सभी नई पीढ़ी के भा.प्र.सं. के; और यहां तक कि कुछ पुरानों के भी।

महिला उद्यमिता विकास

संस्थान को क्षेत्र में महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के कार्य में मेंटर इंस्टीट्यूट (भा.प्र.सं. बैंगलोर) के साथ भागीदारी करने का सौभाग्य मिला। "महिला स्टार्ट-अप प्रोग्राम 2018" के रूप में शुरू की गई पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों में उद्यम-विकास और उद्यम-प्रबंधन कौशल का पोषण और निर्माण करना था।

महिला समूह में आंध्र प्रदेश राज्य की 17 और तेलंगाना के 9 सदस्य शामिल थी, जिन्होंने, एक कठिन स्क्रीनिंग प्रक्रिया को पार करते हुए, सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि; साक्षरता और ज्ञान के स्तर की एक समृद्ध विविधता का प्रतिनिधित्व किया।

इस प्रयास के लिए इनक्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन 18/6/2018 को संस्थान के शासी मंडल के सदस्य श्री प्रसाद दहापुते द्वारा किया गया था।

समूह को अपने ज्ञान-संसाधन और आधारभूत संरचना उपलब्ध करा कर, संस्थान ने क्षमता-निर्माण और संवादात्मक सत्रों के एक सुव्यवस्थित संयोजन के रूप में पहल की। विषय-केंद्रित कार्यशालाओं और केस स्टडीज ने समूह को उद्यमशीलता की बारीकियों को सीखने में मदद की। वित्त, मार्गदर्शन और जानकारी के अलावा, संस्थान के इनक्यूबेशन सेंटर ने कई विचारों को बीज अवस्था से नवाचार में विकसित करने की सुविधा प्रदान की। इस प्रयास ने महिला समूह को निवेशकों और उद्योग से जुड़ने में मदद की। संकाय के साथ-साथ नीति-निर्माता, पेशेवर, व्यवसायी और संभावित वेंचर पार्टनर्स और उद्यम-उन्मुख छात्र समूहों के साथ चर्चा; इस ज्ञान-विनिमय और अनुभव-साझाकरण प्रयास का हिस्सा थे। समूह के सदस्यों को केंद्र सरकार की कई नीतियों और कार्यक्रमों (जैसे स्टैंड-अप इंडिया और MUDRA योजना) की जानकारी भी प्रदान की गई, जो विशेष रूप से महिलाओं के बीच उद्यमशीलता का पोषण और सहायता करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

श्री प्रसाद दाहपुते के सहयोग से, समूह को उद्यम संगम 2018 कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर भी मिला, जिसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME), भारत सरकार द्वारा 27/6/2018 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था और जिसका उद्घाटन भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा यूएन-एसएमई दिवस के रूप में मनाया गया था। इस प्रकार WSP समूह को राष्ट्रीय स्तर पर MSME पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत करने और उनकी सलाह और विचारों से लाभ उठाने का एक अच्छा अवसर मिला।

WSP समूह द्वारा विकसित और पोषित किए गए विचार मोटे तौर पर कार्यक्षेत्र डिजाइन और फर्नीचर के क्षेत्रों में; शिक्षा; वातावरण; इवेंट मैनेजमेंट सर्विसेज; फिनटेक; खाद्य सेवाएं; बागवानी समाधान; स्वास्थ्य; और जीवन शैली उत्पादों से संबंधित थे।

संस्थान ने सदस्यों के रचनात्मक प्रयासों को अच्छी दृश्यता प्रदान की। लॉन्च पैड और स्प्रिंगबोर्ड के रूप में संस्थान के संसाधनों का लाभ उठाते हुए,सदस्य अपने विचारों को मूर्त उत्पादों और सेवाओं में बदलने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के करीब आ सके। इस प्रयास के सकारात्मक परिणाम हैं: (i) स्वच्छ ईंधन और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्वदेशी-प्रौद्योगिकी आधारित समाधान के साथ एक भागीदार, देश की शीर्ष-नौ 'विमन-इन-एनर्जी' उद्यमियों में से एक के रूप में उभरी; (ii) एक अन्य प्रतिभागी द्वारा विकसित एक मोबाइल-आधारित ऐप जो क्यूरेटेड स्टॉक-मार्केट विश्लेषण प्रदान करता है, देश के शीर्ष-दस फिनटेक स्टार्ट-अप्स में से एक के रूप में रैंक किया गया है; (iii) एक अन्य ऊष्मायन उद्यम ने समुद्र और खनन क्षेत्रों में MSMEs द्वारा पर्यावरण अनुपालन की अत्यधिक माँग वाली ज्ञान-सेवाएं प्रदान करने के लिए क्लाउड और IoT- आधारित तकनीकों का उपयोग किया; तथा, (iv) एक और पहल ने, पारंपरिक ज्ञान और घरेलू तकनीकों का लाभ उठाते हुए, आदिवासी क्षेत्रों में खेती-प्रथाओं का पोषण, प्राकृतिक-उत्पादन को बढ़ावा देकर आजीविका का निर्माण किया। यह खुशी की बात है कि संस्थान ने उनकी सफलता में सक्षम भूमिका निभाई।

एंटरप्रिन्योरियल पैशन एंड इनोवेशन क्लब (EPIC), विद्यार्थियों के नेतृत्व, संचालन और प्रबंधन वाला संस्थान का एक प्रयास, ने इनक्यूबेट्रीस के साथ निकट समन्वय में काम किया और प्रबंधन और क्षेत्र के काम में उनकी सहायता की। इस प्रकार यह छात्रों के लिए लाइव प्रोजेक्ट पर काम करने का एक शानदार अनुभव था।

समूह को संबोधित और पारस्परिक चर्चा करने वाले गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. के हरि बाबू, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) (तत्कालीन), विशाखपट्टणम निर्वाचन क्षेत्र; संस्थान के शासी मंडल के सदस्यः सुश्री मालविका हरिता, सुश्री अमिता चटर्जी और श्री प्रसाद दाहपुते; श्री भानु वारला, भा.प्र.सं.बैं. के पूर्व छात्र और उद्योगपति, श्री एम. एन. राव. अध्यक्ष और सीईओ, मेडिसीस आदि शामिल थे।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 33 06/12/2019 19:08:35

यहाँ यह बात उल्लेखनीय है कि, भा.प्र.सं. बैंगलोर के बाद, भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम में हुए नामांकन उन सभी संस्थानों में सबसे अधिक थे, जिन्होंने इस पहल में भा.प्र.सं. बैंगलोर के साथ भागीदारी की थी। इसलिए यह गर्व की बात है कि भा.प्र.सं. बैंगलोर ने भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम के WSP प्रयासों को अद्वितीय और अनुकरण-योग्य बताया। यह संस्थान के लिए भी सम्मान का विषय है कि भा.प्र.सं. बेंगलुरु के निदेशक प्रोफेसर जी रघुराम और भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम के शासी मंडल के सदस्य ने संस्थान द्वारा किए गए अभूतपूर्व प्रयासों, जिन्होंने इस पहल को बड़े पैमाने पर पहुँचा दिया है, की सराहना की।

भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास में भा.प्र.सं. बैंगलोर के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने के लिए तत्पर है, जो आने वाले समय में ऊष्मायन के लिए एक प्रमुख केंद्र; उद्यमिता-शिक्षण और उद्यम-विकास के रूप में उभर रहा है। राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में जो लैंगिक विविधता, लैंगिक संतुलन और लैंगिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम महिला उद्यमियों को अपने सपनों को सच करने में मदद करने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा।

प्रो. शमीम जावेद, अध्यक्ष, उद्यमिता विकास, ने इस उद्देश्य की परिकल्पना की विधिवत प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए, डब्ल्यूएसपी पहल का नेतृत्व किया।

शासी मंडल ने 28/9/2018 को अपनी बैठक में महिला-उद्यमिता को बढ़ावा देने में संस्थान द्वारा निभाई जा रही रचनात्मक भूमिका की सराहना की।

अनुभवी पेशेवरों के लिए व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम (PGCEP)

विशाखपट्टणम और उसके आसपास के कई अनुभवी पेशेवरों से प्राप्त अनुरोधों / पूछताछ के जवाब में, संस्थान ने अनुभवी पेशेवरों के लिए व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम (PGCEP) शुरू किया है।

कार्यक्रम का अधिभावी लक्ष्य प्रतिभागियों को पेशे की प्रगति और विकास के लिए उनकी प्रबंधकीय दक्षताओं और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने; और उन्नत शिक्षा (ऐसी) के माध्यम से, उनके संगठनों में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान करने में मदद करना है।

उद्देश्य प्रतिभागियों की (i) आधुनिक व्यावसायिक संगठनों की मांगों और चुनौतियों को समझने; (ii) कार्यात्मक प्रबंधन क्षेत्र में अपने ज्ञान को बढ़ाने; (iii) नैदानिक, विश्लेषणात्मक और निर्णय लेने के उपकरण और तकनीकों में अपने कौशल को विकसित करने; तथा, (iv) अधिक से अधिक क्षमता और आत्मविश्वास के साथ उनके संगठनात्मक विकास में योगदान देने में मदद करना है।

कार्यक्रम की विशेषताएं हैं: (i) अनुभवी (कर्मचारी या स्व-नियोजित) पेशेवरों को अपने कौशल को उन्नत करने के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करना; (ii) शामिल पाठ्यक्रमों की श्रेणी और गहनता के संदर्भ में, सामग्री और मूल्य-संवर्धन गुणवत्ता से समृद्ध; (iii) व्यक्तियों और उनके संगठनों की दैनिक गतिविधियों में व्यवधान डाले बिना, सप्ताहांत कक्षाएं; (iv) नियमित एमबीए की तरह 3 'सत्रों' में फैलाव, सीखने में सुचारू प्रगति सुनिश्चित करना; (v) एक ऑन-कैंपस शिक्षण का अवसर संकाय-सहभागिता, पुस्तकालय संसाधनों का उपयोग और परिणामस्वरूप, बेहतर शिक्षण के परिणामों की सुविधा; (vi) वैश्विक व्यापार सर्वोत्तम प्रथाओं पर सीईओ के साथ बातचीत सहित एक अंतरराष्ट्रीय एक्सपोज़र मॉड्यूल; (viii) वर्धित शिक्षा के लिए मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम; तथा, (ix) पूर्व छात्रों की स्थिति।

प्रस्ताव पर सबसे अधिक पाठ्यक्रमों (21) (समान प्रकृति के अन्य कार्यक्रमों की तुलना में) के साथ अधिक गुणवत्ता युक्त सामग्री से समृद्ध, कार्यक्रम को अच्छी भागीदारी प्राप्त हुई; 33 पेशेवरों ने कार्यक्रम में दाखिला लिया।

कार्यक्रम में विशाखपट्टणम और उसके आसपास स्थित प्रसिद्ध संगठनों (सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों) के मध्य और वरिष्ठ स्तर के अधिकारी शामिल थे, जैसे डॉ. रेड्डीज लैब्स, विजाग स्टील प्लांट, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लेबोरेटरी (डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन का), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन नेवी, एचएसबीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील आदि। एमबीए (नियमित) छात्रों के साथ इस समूह को भी मार्च 2020 में उनकी डिग्री प्रदान की जाएगी।

शासी मंडल ने 28/9/2018 को अपनी बैठक में, इस अनूठी पहल पर संस्थान की सराहना की, जो न केवल क्षेत्र में प्रबंधन शिक्षा में क्षमता निर्माण में योगदान, बल्कि संस्थान के लिए भी आंतरिक संसाधन उत्पादन के एक अतिरिक्त स्त्रोत का निर्माण करता है।

वाचस्पति कार्यक्रम का शुभारंभ

नए भा.प्र.सं. के बीच अग्रणी रहते हुए, संस्थान ने कॉमन एडमिशन टेस्ट (CAT) बुलेटिन 2018 में ही, शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से वाचस्पति कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा कर दी थी। पीएचडी छात्र एक शोध-संस्कृति लाते हैं और संस्थान के शोध परिणामों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यह परिकल्पित किया गया है कि शोध परिणाम में वृद्धि से संस्थान को एक ज्ञान-संचालित इकाई के रूप में अपनी विश्वसनीयता स्थापित करने में मदद मिलेगी और बाद के वर्षों में मान्यता, रैंकिंग आदि में भी। पीएचडी कार्यक्रम और परिणामी शोध-अभिविन्यास भी संस्थान को बाहरी (प्रतिस्पर्धी) अनुदान प्राप्त करने और एक स्वस्थ कॉर्पस बनाने में मदद करेगा।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 34 06/12/2019 19:08:35

शासी मंडल ने 28/9/2018 को अपनी बैठक में, कैट बुलेटिन 2018 में शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से वाचस्पति कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा करने वाले पहले और नई पीढ़ी के भा.प्र.सं. में एकमात्र संस्थान बनने के लिए, संस्थान की प्रशंसा की।

अधोसंरचना

स्थायी परिसर

संस्थान ने मार्च 2018 में राज्य सरकार द्वारा स्थायी परिसर के लिए आवंटित लगभग 230.25 एकड़ भूमि (सड़क के आसपास 80 फीट को छोड़कर) पर अधिकार मिला। परिसर के चारों ओर छह किलोमीटर लंबी दीवार भी बनाई गई थी। नियत प्रक्रिया के बाद, संस्थान ने मार्च 2019 में, आर्कोप एसोसिएट्स प्रा. लि. को आर्किटेक्ट्स और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, एक नवरत्न सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज (CPSE) को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी (PMC) फर्म के रूप में नियुक्त किया। ये दोनों संगठन अत्यधिक प्रतिष्ठित हैं, जिनमें से आर्कोप ने आईआईएम और आईआईटी और केंद्र से वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों के कई परिसरों का डिजाइन तैयार किया गया है, और एनबीसीसी देश के सर्वश्रेष्ठ PMC में से एक, कई प्रतिष्ठित परियोजनाओं का निर्माण और सफल समापन कर चुका है।

एक नई पीढ़ी के आईआईएम के रूप में, संस्थान को हाल ही में स्थापित भा.प्र.सं. के अनुभवों का फायदा मिला है। इसके अलावा, निम्नलिखित मार्गदर्शक सिद्धांतों और कारकों के अनुपालन पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि परिसर नवीनता और विशिष्टता के मामले में 'फर्स्ट-इन-क्लास' और संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने के मामले में 'बेस्ट-इन-क्लास' के रूप में उभरे:

- पर्यावरण अनुकूल इमारतें, जो कार्बन और पानी के प्रति सकारात्मक हैं, जिससे ऊर्जा का तर्कसंगत उपयोग हो।
- आईटी को केन्द्र में रखते हुए, लर्निंग और ऑटोमेशन सिस्टम को इसके चारों ओर डिजाइन किया गया है।
- बुद्धिमान आईटी प्रणालियों, स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और आधुनिक ऑडियो-विज़ुअल सहायक उपकरणों का उपयोग जो विद्यार्थियों, संकाय और अन्य हितधारकों को मिलने और बातचीत करने; संवाद और सहयोग द्वारा सहज और विशेष शिक्षा के अवसर प्रदान करते हैं।
- भविष्य के विकास और विस्तार के लिए भूमि का यथासंभव संरक्षण करना।
- तीसरे आयाम (अर्थात ऊंचाई) का संभव सीमा तक उपयोग करना।
- अवधारणा और डिजाइन स्थान, स्थानीय कला और वास्तुकला के साथ; इतिहास और विरासत का सम्मिश्रण प्रस्तुत करती है।

स्थायी परिसर के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए स्वीकृति 17/9/2018 को एमएचआरडी द्वारा दी गई थी। परिसर का कुल निर्मित क्षेत्र 1,15,800 वर्ग मीटर है। इस चरण-1 में 60,384 वर्ग मीटर का निर्माण किया जाएगा, जिसकी पूंजी लागत 445.0 करोड़ रुपये होगी। एमएचआरडी, भारत सरकार के ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योर्मेंट एंड कंस्ट्रशन) अनुमोदन के साथ, संस्थान चरण-१ के निर्माण के लिए मास्टर प्लान और विस्तृत बिल्डिंग ड्रॉइंग को अंतिम रूप देने की दिशा में अच्छी प्रगति कर रहा है।

MHRD के अनुमोदन और सलाह के अनुसार, परियोजना परिव्यय को उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (HEFA), एमएचआरडी और केनरा बैंक का एक विशेष प्रयोजन वाहन से ऋण के रूप में लिया गया है। ऋण 10 वर्षों में 20 समान मासिक किस्तों (ईएमआई) में चुकाने योग्य है। MHRD पहले वर्ष से 87.5% ऋण चुकाएगा और निर्माण की प्रारंभिक तिथि के बाद पांचवें वर्ष से संस्थान की देयता 12.5% है। संपूर्ण ब्याज देयता भारत सरकार द्वारा वहन की जाएगी। संस्थान और दोनों संगठनों, HEFA और बैंकरों, के बीच मार्च 2019 में लोन दस्तावेज निष्पादित किए गए।

बोर्ड ने 20/2/2019 को अपनी बैठक में, स्थायी परिसर के लिए वास्तुकार और पीएमसी के चयन में सावधानीपूर्वक और श्रमसाध्य अभ्यास के लिए श्री सतीश रेड्डी [सदस्य (BoG) और अध्यक्ष (BWC)] के नेतृत्व में भवन निर्माण और कार्य समिति के अच्छे काम की सराहना की।

अस्थायी (पारगमन) परिसर, आंध्र विश्वविद्यालय

संस्थान में विद्यार्थियों के प्रवेश को बढ़ाने और गतिविधियों को उन्नत बनाने के लिए, वर्ष 2018-19 के दौरान निम्नलिखित अधोसंरचना - संबंधित परियोजनाओं / सुविधाओं को पूरा किया गया:

- **नई कक्षाओं का निर्माण**
  - 60-सीटर और 35-सीटर कक्षाएं - प्रत्येक 1
  - 25-सीटर आधुनिक बैठक कक्ष (बोर्ड रूम) - 1
- **होस्टल**
  - 80 छात्रों के लिए एक छात्रावास किराए पर लिया गया और उपयुक्त रूप से सुसज्जित किया गया।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 35 06/12/2019 19:08:35

- **कंप्यूटर सेंटर और आईटी अधोसंरचना**

  - संस्थान की वेबसाइट को इन-हाउस आईटी कार्यबल द्वारा फिर से डिजाइन और रखरखाव किया गया।
  - कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई थी।
  - दो नवनिर्मित कक्षाओं और बैठक कक्ष में अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल (एवी) सुविधाएं प्रदान की गईं।
  - सभी IT एप्लिकेशन को भा.प्र.सं.बैं. से भा.प्र. सं.वि. के डेटा सेंटर में स्थानांतरित किया गया। सभी आईटी सहायता गतिविधियों ने भा.प्र.सं. विशाखपट्टणम से ही, स्वतंत्र रूप से, काम करना शुरू कर दिया।
  - विद्यार्थियों के नए होस्टल (80 सीटर) के लिए इंटरनेट और वाई-फाई सेवाएं प्रदान की गईं।
  - स्वचालन को बढ़ावा देने के एक और कदम के रूप में संकाय और कर्मचारियों के उपयोग के लिए नए डेस्कटॉप, लैपटॉप और प्रिंटर खरीदे गए।
  - इनक्यूबेशन सेंटर फॉर विमन स्टार्ट-अप प्रोग्राम का समर्थन करने के लिए आईटी और एवी सुविधाएं स्थापित की गईं।
  - संस्थान की आईटी टीम द्वारा एक इंट्रानेट पोर्टल विकसित किया गया था जिसका व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है
  - पीजीपी प्रवेश प्रक्रिया को स्वचालित करने के लिए एक ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल विकसित किया गया है।

पुस्तकालय

संस्थान के पुस्तकालय ने 28/8/2018 को अपना संचालन सफलतापूर्वक नए पुस्तकालय सॉफ्टवेयर - KOHA, एक भा.प्र.सं. में लोकप्रिय ओपन सोर्स एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली, पर स्थानांतरित कर दिया है।

(क) वर्ष के दौरान पुस्तकालय द्वारा निम्न नए डेटाबेस की सदस्यता ली गईः

क. एस एंड पी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस
ख. एनएसई इंफोबेस
ग. प्रोक्वेस्ट एबीआई (ई-जर्नल)

(ख) निम्नलिखित शोध सॉफ्टवेयर पैकेज खरीदे गएः

क. स्टेटा (STATA)
ख. स्मार्ट पीएलएस3 (SMART PLS3)
ग. एनविवो (NVivo)
घ. मेटलेब (MATLAB)
ङ. साइंटिफिक वर्कप्लेस
च. एसपीएसएस अमोस (SPSS Amos)
छ. इवेंट स्टडी मेट्रिक्स

(ग) संस्थान की लाइब्रेरी अब भा.प्र.सं. बैंगलोर की यूनियन कैटलॉग परियोजना का हिस्सा है। नए संघ सूची के साथ, भा.प्र.सं. में पुस्तकों का पता लगाना, अंतर-पुस्तकालय-ऋण के लिए आवेदन करना, एक संग्रह का निर्माण और कैटलॉग डेटा शेयर करना आसान हो जाता है। इस तरह पुस्तकालय की यह सहयोगात्मक परियोजना शोधकर्ताओं को बहुत मदद करती है।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में पंजीकरण

संस्थान ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (https://scholarships.gov.in/) पर पंजीकरण कराया है जो 06/8/2018 से प्रभावी है। इस प्रकार विद्यार्थी सरकारी मंत्रालयों / विभागों और (अन्य) सरकारी निकायों द्वारा घोषित छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं और अपनी शिक्षा के लिए धन प्राप्त कर सकते हैं। पात्र विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध हैं जैसे अल्पसंख्यक, विकलांग व्यक्ति, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति।

स्थापना दिवस

संस्थान का पाँचवाँ स्थापना दिवस व्याख्यान 17/1/2019 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार द्वारा दिया गया था। व्याख्यान में आमंत्रित अतिथियों के अलावा संस्थान के संकाय, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। व्याख्यान को काफी पसंद किया गया और सराहा गया।

प्रशासन

वर्ष के दौरान शासी मंडल (BoG) की छह बैठकें हुई (08/6/2018, 28/9/2018, 26/11/2018, 11/1/2019, 20/2/2019 और 30/3/2019)। FIAC (शासी मंडल द्वारा 26/5/2017 की बैठक में गठित) ने चार बार (08/6/2018, 28/9/2018, 09/12/2018, 29/3/2019) बैठक की और BWC से मिला (शासी मंडल द्वारा 26/5/2017 की बैठक में गठित) ने वर्ष 2018-19 के दौरान दो बार (01/6/2018, 01-02/12/2018) बैठकें की।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 36 06/12/2019 19:08:35

प्रणाली और प्रक्रियाएँ

क) संकाय कार्य मानदंड

संकाय के प्रदर्शन को मापने के लिए, मार्गदर्शक संस्थान (भा.प्र.सं.बैं.) में प्रचलित प्रथा के आधार पर, संकाय कार्य मानदंड चार स्तंभों - शिक्षण, शोध, संस्थान की सेवा और पेशे की सेवा पर स्थापित किए गए हैं।

ख) विनियम और अध्यादेश

भा.प्र.सं. अधिनियम 2017 के तहत, संस्थान ने कई नियम और अध्यादेश तैयार किए हैं, जिन्हें संस्थान के अच्छे कामकाज में योगदान के लिए शासी मंड्ल की मंजूरी के साथ लागू किया गया है।

ग) GeM पोर्टल का उपयोग

हालांकि, जीएफआर 2017 के अनुरूप, संस्थान निविदाओं के ई-प्रकाशन के लिए केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (CPPP) - eprocure.gov.in का उपयोग कर रहा है, संस्थान ने जीएफआर 2017 में निर्धारित प्रक्रिया के पालन में आगे बढ़ते हुए, 07/07/2018 से प्रभावी रूप से खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है।

घ) प्रिंट मीडिया में निविदा विज्ञापन पर बचत

प्रतिष्ठित सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज (जैसे एनटीपीसी, एचएसएल आदि) द्वारा अपनाई जा रही प्रथा का अनुसरण करते हुए, संस्थान ने 20/8/2018 को टाइम्स ऑफ इंडिया के अखिल भारतीय (सभी) संस्करणों पर एक विज्ञापन प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि संस्थान समाचार पत्रों में वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए कोई भी प्रकाशन नहीं करेगा और इस तरह की निविदाओं को CPPP पोर्टल पर और संस्थान की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा और इच्छुक बोलीदाताओं को समय-समय पर इन वेबसाइटों का अवलोकन करते रहने की सलाह दी गयी है। इस उपाय के परिणाम स्वरूप संस्थान को अच्छी बचत हो रही है।

ङ) पीएफएमएस के ईएटी मॉड्यूल का सक्रियण

MHRD-GOI के दिनांक 21/6/2018 के अनुसार, ईएटी (व्यय - अग्रिम - स्थानांतरण) PFMS (सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली) का मॉड्यूल सफलतापूर्वक सक्रिय किया गया था और अनुदान के उपयोग के बारे में डेटा को रिकॉर्ड करने और अपलोड करने के लिए संस्थान द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है। यह एमएचआरडी द्वारा धनराशि जारी करने की पूर्व-आवश्यकता है।

च) CAG का स्थानीय लेखा-परीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदन

लेखा-परीक्षा (केंद्रीय), हैदराबाद के प्रधान निदेशक (CAG) के कार्यालय ने जनवरी 2019 में वर्ष 2018-19 के लिए संस्थान के खातों पर निरीक्षण किया, जिसमें तीन वित्तीय वर्ष 2015-16, 2016-17 और 2017-18 के रिकॉर्ड शामिल थे। लेखा-परीक्षा के दौरान, खातों की जांच की गई, और परीक्षण जांच भी की गई। नतीजतन, CAG ने दिनांक 22/02/2019 के पत्र द्वारा, स्थानीय लेखा-परीक्षा निरीक्षण प्रतिवेदन अग्रेषित किया, जिसमें सतत अनियमितताएं बताई गई हैं; जिसमें प्रमुख अनियमितताओं और परीक्षण जाँच टीप (सभी) को 'शून्य' बताया गया है। लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन में इस प्रकार किसी भी मूल प्रकृति की टिप्पणियां (प्रतिकूल) शामिल नहीं थीं, जो संस्थान द्वारा अपनाई जा रही प्रणालियों और प्रक्रियाओं की सटीकता को दर्शाता है।

छ) राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी में नामांकन

एमएचआरडी की सलाह के बाद, संस्थान ने केंद्रीय डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) के माध्यम से 12/7/2018 को एक सेवा स्तर समझौते में प्रवेश किया है। राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी (NAD) अकादमिक संस्थानों द्वारा विधिवत डिजिटाइज्ड और लॉज किए गए सभी अकादमिक पुरस्कारों जैसे प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, डिग्री, मार्क-शीट आदि का एक 24 * 7 ऑनलाइन स्टोर-हाउस है। NAD न केवल अकादमिक पुरस्कारों की आसान पहुंच और पुर्नप्राप्ति सुनिश्चित करता है बल्कि उनकी प्रामाणिकता और सुरक्षित भंडारण की पुष्टि और गारंटी भी लेता है। कई पहली और दूसरी पीढ़ी के भा.प्र.सं. पहले से ही सीडीएसएल की एनएडी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। NAD की मुख्य विशेषताएं हैं:

क. आईटी एक्ट 2000 के अनुपालन में डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट का उपयोग, निज़ता / गोपनीयता, प्रामाणिकता, अखंडता और गैर-अस्वीकरण के लिए।

ख. 'डिजीलॉकर' का उपयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित एक 'डिजिटल लॉकर' सेवा जो क्लाउड पर आधिकारिक दस्तावेजों के भंडारण को सक्षम बनाती है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 37 06/12/2019 19:08:35

ग. विद्यार्थियों से सहमति प्राप्त होने पर ही शैक्षणिक पुरस्कार डेटा साझा करना।

घ. विद्यार्थियों की पूर्व सहमति के साथ, अधिकृत उपयोगकर्ताओं को अकादमिक पुरस्कार से संबंधित डेटा उपलब्ध कराने का प्रावधान।

वार्षिक लेखा

संस्थान अपने वार्षिक खातों में अद्यतित है, 2015-16 (प्रथम वर्ष), 2016-17 (द्वितीय वर्ष) और 2017-18 (तृतीय वर्ष) के लिए वार्षिक प्रतिवेदन प्रकाशित किए जा चुके हैं।

आंतरिक लेखा परीक्षकों (नए) की नियुक्ति

आंतरिक लेखा परीक्षकों के परिणाम - मैसर्स मनोहर चौधरी एंड एसोसिएट्स ने अपना चार साल का कार्यकाल 31/3/2019 तक पूरा किया (भा.प्र.सं. अधिनियम 2017 के अनुसार नियुक्ति की अधिकतम अवधि) सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया और बाद के मूल्यांकन के बाद, मैसर्स कोमांडूर एण्ड कं. एलएलपी को, संस्थान की वित्त, निवेश और लेखा परीक्षा समिति की सिफारिश पर और 11/01/2019 को हुई बैठक में बोर्ड की मंजूरी के बाद, वर्ष 2019-20 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

संस्थान के कार्यक्रम

संस्थान ने उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ कई आयोजन किए जैसे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जन्मशती वर्ष , एक भारत श्रेष्ठ भारत, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, स्वच्छ पखवाड़ा, स्वच्छता ही सेवा, आदि।

संस्थान ने 08/3/2019 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, सुश्री मालविका हरिता, भा.प्र.सं. बैंगलोर की प्रतिष्ठित पूर्व-छात्रा और संस्थान (शासी मंडल) की सदस्या प्रमुख वक्ता थीं।

समारोह के भाग के रूप में, संस्थान को रु.2.22 करोड़ का उदार दान मिला। प्रख्यात वैज्ञानिक और विशाखपट्टणम के मूल निवासी डॉ. बी आर एल रो द्वारा अपनी दिवंगत बेटी सुश्री वाणी रो की याद में, जो आईआईएम अहमदाबाद के 1993 बैच की एक शानदार पूर्व-छात्रा थीं; और, जिनका अमेरिका और भारत में बेहद सफल कैरियर रहा था। डॉ. रो की इच्छा के अनुसार, संस्थान द्वारा इस दान का उपयोग संस्थान के स्थायी परिसर में ज्ञान-सुविधा बनाने के लिए; और एमबीए में प्रथम स्थान पर रहने वाली छात्रा को हर साल स्वर्ण पदक प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। दान को प्रशासक और प्रबंधकीय संस्थान (भा.प्र.सं. बैंगलोर) के 'गिविंग पॉलिसी' दिशानिर्देशों के अनुसार प्रबंधित किया जाएगा, जैसा कि शासी मंडल द्वारा अनुमोदित है।

भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, श्री एम वेंकैया नायडू 30/3/2019 को आयोजित संस्थान के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया और स्नातक करने वाले छात्रों को उपाधि प्रदान की। शीर्ष रैंकिंग के विद्यार्थियों ने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के हाथों अपने स्वर्ण पदक भी प्राप्त किए। प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति द्वारा दिया गया संबोधन शिक्षाप्रद और समृद्ध था।

अन्य प्रमुख कार्यक्रम

IFCI लिमिटेड के एमडी और सीईओ डॉ. ई. एस. राव ने 22/8/2018 को संस्थान का दौरा किया और विद्यार्थियों के साथ बातचीत की। सुश्री के. दमयंती, (तत्कालीन) प्रमुख सचिव (एचई), आ.प्र.सरकार ने 14/2/2019 को परिसर का दौरा किया और संकाय और कर्मचारियों के साथ बातचीत की।

निदेशक ने 10/11/2018 को अवंती ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस, हैदराबाद, श्री एम. श्रीनिवास राव, अनकापल्ले के माननीय लोकसभा सांसद (तत्कालीन) और (वर्तमान में) पर्यटन, संस्कृति और युवा उतकर्ष मंत्री, आ.प्र.सरकार से संबंधित, में आमंत्रित वार्ता प्रस्तुत की।

धारा(26)(1)(b):

संस्थान द्वारा तुलन-पत्र की अधिशेष आरक्षितियों में ले जाने योग्य प्रस्तावित शेष राशि

बोर्ड द्वारा 14/6/2019 की अपनी बैठक में अनुमोदित और 14/9/2019 को अपनी बैठक में बोर्ड द्वारा अपनाए गए (~~क्रङ्क~~ लेखा परीक्षा के बाद) वित्त वर्ष 2018-19 के खातों के अनुसार 31/3/2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यय से अधिक आय (रु.3.38 लाख) को कायिक निधि में स्थानांतरित किया गया है।

धारा(26)(1)(c)

व्यय से अधिक आय में किसी भी अतियोक्ति या न्यूनोक्ति या आय से अधिक व्यय में कमी की सीमा और इस तरह की अतियोक्ति या न्यूनोक्ति का कारण लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इंगित किया गया है।

वित्त वर्ष 2018-19 के खातों में, लेखा परीक्षा (केन्द्रीय), हैदराबाद के प्रधा निदेशक (CAG) के कार्यालय ने लेखा परीक्षा प्रतिवेदन (SAR) में व्यय से अधिक आय में किसी भी अतियोक्ति या न्यूनोक्ति या आय से अधिक व्यय में कोई भी कमी का संकेत नहीं दिया गया है।

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 38 06/12/2019 19:08:35

एसएआर में कहा गया है कि:

- प्रतिवेदन के साथ दिए गए तुलन-पत्र, आय और व्यय खाता और प्राप्तियां और भुगतान खाते लेखा पुस्तकों के अनुसार ही हैं;
- उनकी राय में और उनकी जानकारी के अनुसार और उन्हें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, लेखा नीतियों और लेखा टिप्पणी के साथ पढ़े जाने वाले और ऊपर वर्णित महत्वपूर्ण मामलों और इन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के अनुच्छेदों में उल्लेखित अन्य मामलों के अधीन, उक्त वित्तीय विवरण भारत में आम तौर पर स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं:

  क. जहाँ तक यह भारतीय प्रबंधन संस्थान, विशाखपट्टणम (IIMV) के 31 मार्च 2019 के तुलन-पत्र, मामलों की स्थित से संबंधित है, और

  ख. जहाँ तक यह उस तिथि को समाप्त होने वाले वर्ष के अधिशेष के आय और व्यय खाते से संबंधित है।

धारा (26)(1)(d):

संस्थान द्वारा आयोजित शोध परियोजनाओं की उत्पादकता शासी मंडल द्वारा निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार मापी जाती है।

प्रायोजित शोध परियोजना

प्रो अमित बरन चक्रवर्ती को, 26/9/2018 को, कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक शोध परियोजना - 'कॉरपोरेट्स का प्रदर्शनः भारत में विभिन्न स्वामित्व श्रेणियों की फर्म का प्रदर्शन', मूल्य रु.8.30 लाख (GST अतिरिक्त) से सम्मानित किया गया है। परियोजना का उद्देश्य यह जानना है कि क्या एक उभरते बाजार के संदर्भ में स्वामित्व श्रेणी की पहचान फर्म के वित्तीय प्रदर्शन को प्रभावित करती है, और किस हद तक। शोध सरकार बनाम गैर-सरकारी फर्म; घरेलू बनाम बहु-राष्ट्रीय फर्म; और सार्वजनिक रूप से आयोजित बनाम निजी तौर पर आयोजित फर्मों के अंतर पर केंद्रित है। शोध MCA 21 डेट ाबेस में उपलब्ध फर्मों की संख्या के अनुदैर्ध्य डेटा का उपयोग करता है। अध्ययन फर्म-प्रदर्शन को लाभकारी उपायों; तरलता और पूंजी-संरचना के उपाय; परिचालन प्रदर्शन के उपाय; और, दक्षता उपाय से युक्त एक बहुआयामी निर्माण के रूप में देखता है। इस प्रकार, शोध समय के साथ और कई मैट्रिक्स पर विभिन्न स्वामित्व श्रेणियों की फर्म के प्रदर्शन में विविधता स्थापित करने में मदद करेगा। यह परिकल्पना की गई है कि यह नीति निर्माताओं को उच्च-विकास क्षमता वाली फर्मों की पहचान करने और आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से उन्हें लक्षित लाभ प्रदान करने पर विचार करेगा।

शोध प्रकाशन

24/10/2017 को बोर्ड की बैठक में शोध प्रकाशनों के लिए प्रोत्साहन सहित प्रदर्शन के लिए मानदंड अनुमोदित किए गए थे, संकाय सदस्यों की सेवा को संचालित करने वाले नियमों और शर्तों के हिस्से के रूप में।

संकाय द्वारा किए जा रहे प्रकाशनों के बल पर, संस्थान के शोध परिणामों में अच्छी वृद्धि देखी जा रही है। उच्च-प्रभाव वाली, सहकर्मी-समीक्षित, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रिकाओं में संकाय द्वारा प्रकाशित शोध पत्र निम्नलिखित थे:

प्रकाशन - शोध पत्र

- **चक्रबर्ती, ए. बी;** और मॉडल,ए. (आगामी), 'दि इफेक्ट ऑफ इंस्टीट्यूशनल ट्रांजिशन ऑन इंट्रेप्रेनुरियल ओरिएंटेशन ऑफ फेमिली बिज़नेसः एविडेंस फ्राम इंडिया", इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंट्रेप्रेनुरियल बिहेवियर एण्ड रिसर्च [ABDC (B)]
- **जावेद, एम. एस.;** और कुमार, के. के. (मई 2018 में स्वीकृत), "स्टॉक लिक्विडिटि एण्ड फर्म वेल्यूः एविडेंस फ्राम अ पॉलिसी एक्सपेरिमेंट इन इंडिया", इंटरनेशनल रिव्यू ऑफ फाइनांस, DOI: 10.1111/irfi.12200 [ABDC (A)]
- **कावेरी, के.;** बासु, शंकरसन; और थंपी, अशोक. (स्वीकृत), "हैज़ द ग्लोबल फाइनेंशिल क्राइसिस चेंज्ड द मार्केट रिस्पॉन्स टू क्रेडिट रेटिंग्स? एविडेंस फ्राम एन इमर्जिंग मार्केट", जर्नल ऑफ इमर्जिंग मार्केट फाइनांस. [ABDC (B)]
- **शर्मा, अनुपमा** (स्वीकृत), "वर्क एंगेजमेंट, जॉब क्राफ्टिंग एण्ड इन्नोवेटिवनेश इन दि इंडियन आईटी इंडस्ट्री" पर्सनल रिव्यू [ABDC (A)]
- **गुप्ता, दीपिका;** वेलियथ आर.; और जॉर्ज, आर. (2018), "इन्फ्लूयंस ऑफ नेशनल कल्चर ऑन आईपीओ एक्टिविटि, जर्नल ऑफ बिज़नेस रिसर्च, सितं. (2018), 226-246 [ABDC (A)]
- जावेद, एम. एस. (मार्च 2019); द सेक्टोरल इफेक्ट ऑफ डिमॉनेटाइजेशन ऑन दि इकोनॉमीः एविडेंस फ्राम अर्ली रिएक्शन ऑफ दि इंडियन स्टॉक मार्केट" कोजेंट इकोनॉमिक्स एण्ड फाइनांस [ABDC (B)]

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 39 06/12/2019 19:08:35

सम्मेलनों में प्रस्तुत पत्र

- **गुप्ता, दीपिका;** कुमार, के.; और जॉर्ज, आर. 'इन्फ्लूयंस ऑफ इंटरनल कॉर्पोरेट गवर्नेंस मेकनिज्म ऑन यूज़ ऑफ आईपीओ प्रोसीड्स बाय इंडियन फर्म्स ', दि अकेडमी ऑफ मेनेजमेंट 78वें वार्षिक सम्मेलन (स्ट्रेटेजिक मेनेजमेंट डिविजन) शिकागो, इल्लिनॉइस, यूएसए में आयोजित, अगस्त 10-14, 2018.
- **कावेरी, के.;** "डज़ प्रोडक्ट मार्केट कांपिटिशन अफेक्ट एनालिस्ट्स' टारगेट प्राइस प्रापर्टी?" मिडवेस्ट रिजन मीटिंग ऑफ दि अमेरिकन अकाउंटिंग एसोसिएशन (AAA) में प्रस्तुत, अक्टू. 4-6, 2018, इंडियानापोलिस, इंडियाना.

प्रोफ़ेसर दीपिका गुप्ता को जर्नल ऑफ़ बिज़नेस रिसर्च में उनके समीक्षा योगदान को मान्यता देते हुए एल्सेवियर समीक्षक मान्यता प्रमाणपत्र पुरस्कार भी मिला (मार्च 2019)।

धारा (26)(1)(e):

संस्थान के अधिकारियों और संकाय सदस्यों की नियुक्ति

संकाय की नियुक्ति

भा.प्र.सं. बेंगलुरु के मार्गदर्शन, परामर्श और समर्थन से आयोजित गहन भर्ती प्रक्रिया के बाद संस्थान ने 2018-19 के दौरान पांच और संकाय सदस्यों को सहायक / एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया। विभिन्न भा.प्र.सं. और प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों से आने वाले इन संकाय के पास प्रभावशाली शैक्षणिक और शोध प्रमाण हैं। इस प्रकार, संस्थान की संकाय सूची में, वर्ष के अंत में, कुल संकाय संख्या 13 थी।

अधिकारियों की नियुक्ति

2018-19 के अंत में, संस्थान में 20 गैर-शिक्षण कर्मचारी हैं, जिनमें से एक को छोड़कर सभी संविदा नियुक्ति पर हैं। इनमें से 5 अधिकारियों की भर्ती वर्ष के दौरान की गई। नियमित रोल पर एकमात्र कर्मचारी संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं, और उन्हें गवर्नर्स बोर्ड की 26/11/2018 को आयोजित बैठक में बोर्ड के सचिव के रूप में नामित किया गया है।

धारा (26)(1)(f):

शिक्षण, शोध और ज्ञान के अनुप्रयोग में नवाचारों की प्रकृति सहित संस्थान द्वारा निर्धारित प्रदर्शन संकेतक और आंतरिक मानक

प्रदर्शन संकेतक और आंतरिक मानक

संस्थान द्वारा एमएचआरडी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो कि मुख्य परिणाम क्षेत्रों और प्रमुख प्रदर्शन संकेतक की स्थापना करते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों की उत्कृष्टता के लिए योगदान देने वाले पांच स्तंभों को कवर करता है। शिक्षण और शिक्षण संसाधन; शोध और व्यावसायिक अभ्यास; पहुँच और समावेशिता; स्नातक परिणाम; और धारणा। एमओयू में वित्तीय मापदंडों को भी कवर किया गया है। संस्थान ने विचाराधीन वर्ष के दौरान 'वेरी गुड' की समग्र रेटिंग प्राप्त की है। संस्थान भविष्य के वर्षों में 'उत्कृष्ट' रेटिंग (यानी अगले उच्च स्तर की रेटिंग) हासिल करने और बनाए रखने का प्रयास करेगा।

शिक्षण, शोध और ज्ञान के अनुप्रयोग में नवाचार

आज के तकनीकी युग में, उच्च शिक्षा के छात्रों को ज्ञान विभिन्न रूपों में आसानी से उपलब्ध है, जिनमें, विशेष रूप से, बिजनेस स्कूल शामिल हैं। यह तथ्य, एक ओर, संकाय की शिक्षण दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाती है, दूसरी ओर, यह कक्षा में छात्र की दिलचस्पी कम कर एक चुनौती देता है। इस प्रकार, संकाय को नई शिक्षण विधियों को विकसित करने की आवश्यकता है जैसे कि भूमिका-आधारित मिनी-केस विकसित करना, परामर्श / शोध परियोजनाओं से प्राप्त प्रासंगिक डेटा / सूचना का उपयोग करते हुए गतिविधियां और खेल और उन्हें कक्षा में वितरित की जाने वाली सामग्री से जोड़ना।

संस्थान के संकाय द्वारा निम्नलिखित नवाचार इस संबंध में मुख्य आकर्षण हैं।

प्रो. एम एस जावेद

- **आर का उपयोग करते हुए वित्तीय विश्लेषण**

  यह एक गैर-पारंपरिक पाठ्यक्रम है। हालांकि, वर्षों से डोमेन के साथ प्रौद्योगिकी के समामेलन के कारण, यह सबसे अधिक मांग वाले कौशल में से एक बन गया है जो हर वित्त पेशेवर के पास होना चाहिए। इस पाठ्यक्रम को प्रोफेसर किरण कुमार, भा.प्र.सं. इंदौर के सहयोग से डिजाइन और विकसित किया गया था। यह लागू वित्तीय अर्थमिति और वित्तीय-डेटा विश्लेषण का एक अच्छा मिश्रण था। डेटा एनालिटिक्स के लिए, छात्रों को न केवल प्रोग्रामिंग भाषा से बल्कि सिद्धांत और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के पर्याप्त मिश्रण से भी परिचित कराया गया था। उन्होंने उन्हें बहुत परिष्कृत अनुप्रयोगों के उपयोग की जानकारी दी जैसे - टाइम सीरीज़ डेटा, पेअर्स-ट्रेडिंग और कोइंटिग्रेशन, रियल-टाइम पोर्टफोलियो ऑप्टिमाइज़ेशन, तकनीकी विश्लेषण, मौलिक और तकनीकी उपकरणों का उपयोग करके अपने स्वयं

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 40 06/12/2019 19:08:36

के ट्रेडिंग रणनीतियों का निर्माण करना और एल्गोरिथम ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में उपयोग के लिए इसकी बैक-टेस्टिंग करना। विद्यार्थियों को एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ETF) और फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (F & O) दोनों सेगमेंट के लिए हाई-फ्रिक्वेंसी ट्रेड्स (HFT) डेटा और HFT विश्लेषण के बारे में बताया गया।

- **प्रबंधन लेखांकन**

  पाठ्यक्रम को और अधिक रोचक बनाना एक चुनौती थी, जिसमें पूरे बैच (यानी गैर-वित्त फ़ोकस-समूहों के विद्यार्थियों सहित) को एक सिम्युलेटेड गेम में शामिल किया गया था, जो पाठ्यक्रम के फैग-एंड की ओर समूहों में विकसित और वितरित था। इससे उन्हें बहीखाता, बजट, परिदृश्य विश्लेषण, एबीसी और जॉब ऑर्डर की लागत, आउटसोर्सिंग, मेक-बनाम-खरीद निर्णय, बोली लगाएं या नहीं आदि से शुरू होने वाले एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी शिक्षा को लागू करने में मदद मिली। खेल विद्यार्थियों को उनके समग्र प्रबंधन ज्ञान का उपयोग करने की अनुमति देने के लिए डिज़ाइन किया गया था जैसे कि मूल्य निर्धारण, स्थिति निर्धारण, लीन विनिर्माण आदि। हालाँकि, यह 3 घंटे की लंबी गतिविधि थी और गहरी समझ के लिए, लागत और मूल्य निर्धारण पर सूचीबद्ध फर्मों के डेटा की उपलब्धता एक चुनौती थी। इस प्रकार, इलाके में स्टार्टअप और छोटे खाद्य जोड़ों द्वारा सामना की जा रही डिजाइनिंग और मूल्य निर्धारण दुविधा को हल करने के लिए एक कैपस्टोन परियोजना तैयार की गई थी, जिसके तहत 20 ऐसे छोटे व्यवसायों को पहचाना गया जो पाठ्यक्रम के अंत में विद्यार्थी समूहों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली परामर्श परियोजना रिपोर्ट से लाभान्वित हो सकते हैं।

- **समकालीन प्रासंगिकता अध्ययन**

  सीसीएस पाठ्यक्रम उन छात्रों के लिए हैं जो अपने चुने हुए विषय क्षेत्रों में पुस्तकों, शोध लेखों, ब्लॉगों, चर्चा और संकाय की मदद से व्यापक सैद्धांतिक आधारों को समझकर कौशल विकसित करना चाहते हैं। संकाय विभिन्न छोटे और दिलचस्प समस्याओं / शोध प्रश्नों की जानकारी देते हैं जो शोध के योग्य हैं और प्रकृति में समकालीन हैं। यह संकाय द्वारा व्यापक अध्ययन और एक मज़बूत शोध संसाधन द्वारा संभव हो पाया है। इसके बाद छात्र उस समस्या को चुनते हैं जिस पर वे काम करना चाहते हैं। संकाय लक्षित सामग्री और परस्पर चर्चाओं के माध्यम से सीखने की सुविधा देता है। इस प्रकार, विद्यार्थी उस विषय की गहराई को समझते हैं जिस पर वे काम कर रहे हैं। संकाय के अतिरिक्त सहयोग और संबंधित डेटा के साथ एक छोटा पायलट अध्ययन करने में उनकी मदद द्वारा, पाठ्यक्रम में शामिल एप्लाइड लर्निंग बहुत सुविधाजनक हो जाती है।

- **आम अंशों की मूल्य लोचता की प्रकृतिः भारत में नीति प्रयोग से साक्ष्य**

  दुनिया भर में सेबी जैसे बाजार नियामक नीतियों पर काम कर रहे हैं, जिससे बाजारों में खुदरा निवेशक की भागीदारी बेहतर हो सके। इस तरह की एक विधि बाजार की तरलता में सुधार कर रही है जिसके परिणामस्वरूप ट्रेड किए गए अंशों की उचित कीमत की खोज होती है। भारत ने द्वितीयक बाजार में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हाल ही की प्रगति के बावजूद, बहुत उच्च प्रमोटर होल्डिंग्स (फैमिली / बिज़नेस ग्रुप) से उभरने वाले मुद्दों से घिरा है। बाजार की ऐसी खामियों को दूर करने के लिए, सेबी ने सूचीबद्ध कंपनियों को बाध्य किया है कि वे अपनी प्रमोटर होल्डिंग को 75s तक तरल करें। संस्थान के वित्त और लेखा क्षेत्र में शोध के प्रयासों ने सफलतापूर्वक पहचान की और इस घटना को शेयरों की आपूर्ति के लिए एक अभूतपूर्व झटका करार दिया और मांग वक्र परिकल्पना को पुनः नकारात्मक दिशा में स्थापित कर दिया, क्योंकि इस विषय में अनुभवजन्य साहित्य ने ज्ञान के मौजूदा निकाय को देखते हुए इस तरह के शोध की मांग की है, जो जानकारी या प्रभाव सिद्ध करने के लिए इस आपूर्ति पक्षीय आघात को उप-समाधान माने या आपूर्ति पक्षीय आघात को सिद्ध सूचना-प्रभाव, परिणामों को पूर्वाग्रहित करने वाला माने।

प्रो. कावेरी कृष्नन

- निवेश के वैकल्पिक पाठ्यक्रम में व्यापार चक्र और पोर्टफोलियो प्रबंधन पर एक इंटरैक्टिव ऑन-लाइन सिमुलेशन आयोजित किया गया था।
- एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म EquityLevers का उपयोग स्टॉक और बॉन्ड वैल्यूएशन पर लाइव भारतीय मामलों को लाने के लिए किया गया था, और भारतीय वित्तीय बाजार में निवेश परिदृश्य पर एक विशेषज्ञ, इक्विटीलाइवर्स के संस्थापक द्वारा एक अतिथि व्याख्यान की व्यवस्था की गई थी।
- वास्तविक कंपनियों और लाइव डेटा के साथ एक पोर्टफोलियो सिम्युलेटर का उपयोग किया गया था, जहां विद्यार्थियों ने सिमुलेशन के माध्यम से वास्तविक स्टॉक खरीदने और बेचने का अनुभव किया।

प्रो. विनय रमनी

- विभिन्न सैद्धांतिक विचारों को व्यक्त करने के लिए

IIMV 4th Annual Report 2018-2019 Hindi-English Combined.indd 41 06/12/2019 19:08:36

व्याख्यान और ध्यान से चुने हुए मामले का एक मिश्रण, जो सामग्री में समकालीन थे और संदर्भ में अनुकूलित रूप से लिखे गए थे, का उपयोग किया गया था। विशेष रूप से, विश्लेषणात्मक मॉडल (अर्थशास्त्र के) को विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों (रणनीति, विपणन और संचालन) से संबंधित करने और मूलभूत और कार्यात्मक विषयों के बीच संबंध को उजागर करने का प्रयास किया गया था।

- ग्रीन सप्लाय चैन, क्लोज्ड लूप सप्लाय चैन विषय की दिलचस्प समस्याओं का अध्ययन करने के लिए और हाल ही में, सुरक्षा परिणामों पर विभिन्न कार्यस्थल सुरक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रमों के प्रभाव के अध्ययन में भी प्रायोगिक सूक्ष्मअर्थशास्त्र से लिए गए विचार, मुख्य रूप से गेम थ्योरी, का उपयोग किया गया था। प्रायोगिक सैद्धांतिक शोध में व्यावसायिक निर्णय लेने वाले संदर्भों को पढ़ाया जाता है।

उद्योग और बाजार की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, एक नया वैकल्पिक पाठ्यक्रम - 'नवाचार, प्रौद्योगिकी और नए उत्पाद विकास' - प्रोफेसर दीपिका गुप्ता द्वारा डिजाइन और पढ़ाया गया था। 'सॉफ्टवेयर परियोजनाओं का प्रबंधन' एक और कोर्स था जिसने सॉफ्टवेयर उद्योग की आवश्यकता को संबोधित किया। इसे अभ्यागत संकाय और आईआईएमटी के प्रोफेसर मधुचंद दास औंधे द्वारा पढ़ाया गया।

संस्थान के संकाय द्वारा अपनाए जा रहे अन्य मूल्य-वर्धक, ज्ञान-संवर्धक अभ्यास निम्नलिखित हैं:

- भा.प्र.सं.बैं. (मार्गदर्शक संस्थान) और अन्य पुराने, अधिक स्थापित भा.प्र.सं. (जैसे भा.प्र.सं. इंदौर) के वरिष्ठ प्रोफेसरों द्वारा सह-शिक्षण।
- नई शिक्षण विधियों / उपकरणों का परिचय - खेल और अनुकरण।
- अभिनव निर्धारण तकनीक - जैसे ग्रुप क्विज़, स्टार्टअप्स के लिए लाइव परामर्श (लागत और मूल्य निर्धारण), और समूह प्रस्तुतियों की क्रॉस-ग्रेडिंग।
- शिक्षण में स्वयं के शोध पत्रों के निष्कर्षों का उपयोग करना।
- नीति प्रेरित समाचार / घटनाओं पर आधारित शोध।
- स्वतंत्र अध्ययन (सीआईएस) परियोजनाओं के पाठ्यक्रम और प्रशिक्षुओं का रिसर्च पाइपलाइन के साथ संरेखण।
- अंतःविषयक शोध
- शोध प्रकाशनों के लिए अग्रणी बी-स्कूलों से सहयोग।

धारा 26(2):

वित्तीय वर्ष के दौरान उच्चतम पारिश्रमिक (ऐसे कर्मचारियों को दिए गए भत्ते और अन्य भुगतान सहित) प्राप्त करने वाले संकाय सदस्यों और संस्थान के अन्य कर्मचारियों सहित पांच अधिकारियों के नाम और वित्तीय वर्ष के दौरान ऐसे कर्मचारियों द्वारा किए गए योगदान का विवरण।

(परिशिष्ट के रूप में संलग्न है)

धारा 26(3):

